भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 285 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 09 सितम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान

प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

आतंकियों को मुंहतोड़ जवाबः जम्मू-कश्मीर में पुलिस टीम पर हमला

जवाबी कार्रवाई में लश्कर का एक आतंकी ढेर

पिछले एक हफ्ते में आतंकी 5 आम लोगों की हत्या कर चुके है

श्रीनगर में एक कश्मीर पंडित दवा कारोबारी, दो टीचर भी मारे गए

24 स्त्राल का अकिब बशीर लगभग एक साल से लापता था।

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीनगर के नाटीपोरा इलाके में आतंकियों ने शुक्रवार रात पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में लश्कर का एक आतंकी मारा गया। उसका साथी भागने में कामयाब रहा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकी से हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है।उसके पास एक आईडी कार्ड मिला है। इससे पता चला कि वह ट्रेंज शोपियां का रहने वाला था। उसका नाम आकिब बशीर कुमार था और वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। पुलिस के मुताबिक, पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और मौके से भाग निकले दूसरे आतंकवादी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस टीम पर हमला ऐसे समय में हुआ है, जब सुरक्षा बल आम लोगों की हत्याओं के मद्देनजर हाई अलर्ट पर हैं। आकिब के भाई इशफाक ने उसकी पहचान की की। उसने कहा कि 24 साल का आकिब लगभग एक साल से लापता था। पिछली बार वह 12 नवंबर 2020 को दिखा था। परिवार ने इमाम साहिब शोपियां में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कश्मीर में पिछले एक हफ्ते में आतंकी 5 आम लोगों की हत्या कर चुके हैं। इनमें श्रीनगर में एक कश्मीर पंडित दवा कारोबारी, एक कश्मीरी पंडित टीचर, सिख समुदाय की महिला प्रिंसिपल, एक बिहार का स्ट्रीट वेंडर और एक बांदीपोरा का नागरिक शामिल है। इससे घाटी में सिखों और कश्मीरी पंडितों में डर का माहौल है। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कश्मीर में आम लोगों को टारगेट बनाकर किए जा रहे हमलों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को दिल्ली बुलाया है। दोनों शनिवार को इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। गृह मंत्री के गुजरात से दिल्ली लौटने के तुरंत बाद उनकी बैठक होगी। मनोज सिन्हा शनिवार सुबह दिल्ली

सीएम योगी के बयान को प्रियंका गांधी ने बनाया मुद्दा, आज सभी जिलों में कांग्रेसी लगाएंगे झाड़ू

लखनऊ (एजेंसी)। सीतापुर में हाउस अरेस्ट के दौरान झाड़ू लगाने को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान को कांग्रेस ने मुद्दा बना लिया है। कांग्रेस शनिवार को यूपी के सभी जिलों में झाड़ू लगाएगी। जिला कांग्रेस कमेटियों को इस बारे में निर्देश दिया गया है। प्रियंका गांधी ने भी खुद ट्वीट कर इस बारे में लिखा है। प्रियंका गांधी ने लिखा कि आज उप्र के मुख्यमंत्री ने जातिवादी बयान देकर अपनी दलित विरोधी मानसिकता दिखाई। कल उप्र की सभी जिला कांग्रेस कमेटियां भगवान वाल्मीकि मंदिर में सफाई करेंगी। देश के करोड़ों दलितों और महिलाओं का

अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

दरअसल, सीतापुर गेस्ट हाउस में प्रियंका ने हाउस अरेस्ट के दौरान झाड़ू लगाई थी। शुक्रवार को एक चैनल से बातचीत में मुख?यमंत्री योगी आदित?यनाथ ने इसी मामले पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जनता उनको उसी लायक बनाना चाहती है, जनता ने उसी लायक उनको बना दिया है। सीएम योगी के इस बयान से आक्रोशित प्रियंका गांधी लखनऊ के इंदिरा नगर में लवकुश नगर दलित बस्ती पहुंच गई। वहां वाल्मीकि मंदिर में झाड़ू लगाया। उन्होंने वहां सफाई कर्मियों से बात करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने कहा है कि प्रियंका गांधी को यूपी की जनता ने झाड़ू लगाने लायक ही छोड़ा है। ये मेरा नहीं आपका अपमान किया गया है।

निर्माणाधीन पुल से नदी में गिरे बाइक सवार, प्रयागराज निवासी दो युवकों की मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार अहले सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के रायपुर उकनी गांव के पास निर्माणाधीन पुल से नदी में बाइक सवार दो युवक नदी में गिर गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया।

हादसा शुक्रवार तड़के तीन बजे की बताई जा रही है। प्रयागराज जिले के बहरिया थाना अंतर्गत

तुलापुर सिकंदरा निवासी आशीष कुमार (25) पुत्र उमाशंकर बाइक से अपने अपने दोस्त अखिलेश यादव (23) के साथ मुंगराबादशाहपुर की तरफ आ रहा था।दोनों रायपुर उकनी के पास पहुंचे थे कि अंधेरे के कारण अचानक निर्माणाधीन पुल से नदी में गिर गए। निर्माणाधीन पुल के पास कोई डिवाइडर या बोर्ड नहीं लगा था। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष सदानंद राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उच्चधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह, सतहरिया चौकी प्रभारी अजय पांडेय भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बाइक और युवकों के शव को स्थानीय लोगों की मदद से नदी से बाहर निकलवाया। सीओ के मुताबिक मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

मर्डर केस में गिरफ्तारी क्यों नहीं, आपके एक्शन से हम असंतुष्ट, योगी सरकार को एससी की फटकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी कांड में चार किसानों सहित आठ लोगों की हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लखीमपुर कांड पर यूपी सरकार की कार्रवाई से सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए कदमों से संतुष्ट नहीं है। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में जिन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उन्हें गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया और पूछा कि आखिर आप क्या संदेश दे रहे हैं। यूपी सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रहे हरीश साल्वे ने अदालत को बताया कि आरोपी आशीष मिश्रा कल सुबह 11 बजे क्राइम ब्रांच के समक्ष पेश होगा।

लखीमपुर कांड के पीड़ितों के परिजनों से मिले सीजेआई

मीडिया हाउस के गलत ट्वीट पर एससी की टिप्पणी, कुछ लोग हद पार कर रहे हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमनन ने लखीमपुर खीरी के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की है। इस बात का दावा एक मीडिया हाउस ने अपने ट्वीट में किया था। लेकिन दावा गलत पाए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस ट्वीट को लेकर नाराजगी जाहिर की है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो मीडिया और उनकी आजादी का सम्मान करती है लेकिन यह पूरी तरह निष्पक्ष नहीं है। लखीमपुर खीरी से ही जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस ट्वीट को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण कहा और साथ ही साथ यह भी कहा कि मीडिया को तथ्यों की जांच-पड़ताल करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि, हमें ऐसा लगता है कि कुछ लोग बोलने की आजादी की हद पार कर रहे हैं। उन्हें तथ्यों की जांच-पड़ताल करनी चाहिए। यह पूरी तरह से गलत दिखाया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस सूर्यकांत और हिमा कोहली की एक संयुक्त बेंच ने अपनी टिप्पणी में यह बात कही। अदालत में यह मामला उस वक्त

उठा जब एक वकील ने बेंच को बताया कि गुरुवार को एक मीडिया संगठन ने ट्वीट कर कहा कि सीजेआई ने लखीमपुर खीरी कांड के पीडि.त परिवारों से मुलाकात की है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील हरीष साल्वे ने कहा, 'हम सभी को इस तरह की गैरजिम्मेदाराना ट्वीट मिलते हैं। मैंने अपने बारे में भी कुछ ऐसे ट्वीट देखे हैं।'

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एन वी रमनन ने कहा कि उन्होंने कुछ तो समझ होना चाहिए। मैं कोर्ट में बैठा था..मैं कैसे वहां जा सकता हूं और परिवार से मिल सकता हूं। खैर छोडि.ए इसे वहीं...हमें इन सब चीजों में नहीं पड़ना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में हमें यह सब मिलते ही रहेंगे।' सीजेआई ने कहा कि यह सब जीवन का हिस्सा है। जस्टिस कोहली ने कहा कि 'हम मीडिया और उसकी आजादी का सम्मान करते हैं। लेकिन यह कोई रास्ता नहीं है इसे क्रॉस करने का। यह बिल्कुल सही नहीं है। बहरहाल आपको बता दें कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले सुनवाई के दौरान जिन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उन्हें गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया।

उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपियों को गिरफ्तार ना करने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कहा, 'आप क्या संदेश दे रहे हैं।' उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कहा 'क्या आप देश में हत्या के अन्य मामलों में भी आरोपियों के साथ ऐसा ही व्यवहार करते हैं ?' उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे को उसका यह संदेश राज्य सरकार को देने को कहा कि लखीमपुर खीरी मामले में सबूत नष्ट ना हों।

पीके ने कांग्रेस को बताया कमजोर तो बघेल ने ममता पर साधा निशाना, कहा- जो अपनी सीट भी नहीं जीत सकते...

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर और कांग्रेस पार्टी के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। दो महीने पहले ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि प्रशांत किशोर को कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी हो रही है लेकिन ऐसा लगता है कि ये तैयारियां पूरी नहीं हो सकीं। पहले प्रशांत किशोर ने लखीमपुर खीरी हिंसा के बहाने कांग्रेस पर निशाना साधा और अब छत्तीसगढ़ के सीएम और पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने पीके पर पलटवार किया है। बघेल ने प्रशांत किशोर के बयान का जवाब देते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा है और नंदीग्राम में हुई उनकी हार याद दिलाई है। दरअसल, प्रशांत किशोर ने गुरुवार सुबह एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में पीके ने कहा कि जिन लोगों को लगता है कि लखीमपुर कांड की वजह से कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष त्वरित वापसी करेगा, वह गलतफहमी में हैं। पीके ने यह भी लिखा कि दुर्भाग्य से ग्रैंड ओल्ड पार्टी की गहरी समस्याओं और ढांचागत कमजोरियों को दूर करने के लिए कोई तात्कालिक समाधान नहीं है।अब छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए लिखा है, 'जो लोग अपनी सीट भी नहीं जीत सकते है, कांग्रेसी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर के राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प बनाने की सोच रहे है, उन्हें बड़ी निराशा हुई है।

हमीरपुरः सैप्टिक टैंक में दम घुटने से सभासद और भतीजे की मौत

कुरारा (हमीरपुर) (एजेंसी)। कुरारा कस्बे के वार्ड नंबर चार में शुक्रवार को सैप्टिक टैंक का लेंटर खोलते समय सभासद और भतीजे की टैंकर के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। सभासद के बेटे को बेहोशी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों को फायर बिग्रेड और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया था। रिटायर पशु चिकित्सक गोरेलाल विश्वकर्मा ने पुराना कच्चा मकान गिराकर नया निर्माण कराया था। सैफ्टिक टैंक के अंदर की शटरिंग खोलने के लिए सभासद सिद्धगोपाल का भतीजा अजय उर्फ छोटू (22) टैंक में उतरा था।

जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी केस में रामपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगोड़ा घोषित, कुर्की की कार्रवाई शुरू

मुरादाबाद (एजेंसी)। जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी मामले में फरार रामपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अजहर खां को शुक्रवार को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया। कोर्ट ने केस में आरोपी की पत्रावली भी अलग कर दी। इससे मुकदमें का जल्द निस्तारण हो सकेगा। बाकी आरोपियों के मामले में सुनवाई 20 अक्तूबर को होगी।

पूर्व सांसद व भाजपा नेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी का .ये मामला जून, 19 का है। केस में रामपुर पालिका के पूर्व चेयरमैन भी आरोपी हैं। वह तीन साल से आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। पुलिस की कार्रवाई से अलग अब कोर्ट ने

केस से फरार चल रहे अजहर खां के खिलाफ पिछले दिनों धारा 82 के तहत कुर्की वारंट जारी किया था। शुक्रवार को केस की सुनवाई थी। अजहर खां के हाजिर न होने पर एडीजे पुनीत गुप्ता ने उनको भगोड़ा घोषित कर दिया। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विशनेई और एडीशनल डीजीसी मुनीश भटनागर ने बताया कि अदालत ने मामले की त्वरित सुनवाई के लिए उसकी पत्रावली को भी अलग करने को कहा। केस में अन्य आरोपियों की सुनवाई अब 20अक्तूबर को होगी। सुनवाई के दौरान सांसद डा.एसटी हसन व संभल के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां मौजूद रहे।

'बिहार की महिलाएं नहीं करेंगी माफ', मीसा-राबड़ी कोंं के स्टार प्रचारकों में शामिल नहीं करने पर भड़के तेज प्रताप

पटना (एजेंसी)। राजद् अध्यक्ष लालू यादव के बड़े बेटे और विधायक तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए फिर उन पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव पर इस बार उन्होंने बिहार विधानसभा की दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए पार्टी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सांसद डॉ. मीसा भारती को स्टार प्रचारक नहीं बनाए जाने को लेकर हमला बोला है। शुक्रवार को उन्होंने ट्वीट कर अपनी खीझ निकाली। तेज प्रताप ने लिखा है कि राजद के स्टार प्रचारकों की सूची में मेरा नाम रहता ना रहता, मां और दीदी का नाम रहना चाहिए था... इस गलती के लिए बिहार की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी, दशहरा में हम मां की ही अराधना करते हैं ना जी..। तेज प्रताप के इस ट्वीट से राजद और लालू परिवार में घमासान और तेज हो गया। इस ट्वीट में उन्होंने मां को लेकर मशहुर शायर मुनव्वर राणा द्वारा रचित एक शेर की पंक्ति को लिखा है- 'ऐ अंधेरे देख ले मुंह तेरा काला हो गया, मां ने आंखे खोल दी, घर में उजाला हो गया। तेज प्रताप यादव ने इससे पहले शुक्रवार को राजद विधायक दल की बैठक में भी नहीं गए।

खबर संक्षेप

तीन वारंटी जेल तथा शांतिभंग में चार पर हुआ चालान

लालापुर। लालापुर पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आज थाना क्षेत्र चिल्ला गौहानी ग्राम के तीन वारंटियों को पकड़ कर जेल भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से वारंटियों में खलबली मचा हुआ है । लालापुर एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी के अनुसार चिल्लागौहानी गांव के निवासी ईश्वरी प्रसाद मिश्र व उसका बेटा पवन मिश्र एवं गांव के बबलू मिश्र उर्फ अमिकृष्ण मिश्र पुत्र गोपाल मिश्र एक मुकदमे में वांछित चल रहे थे जिनका केस माननीय न्यायालय में विचाराधीन है । न्यायालय ने तीनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। जिसके तहत थाना लालापुर के उप निरिक्षक इम्तियाज अहमद हेड आरक्षी केंद्र प्रकाश, आरक्षी अजीत पटेल,आरक्षी आलोक मौर्या, आरक्षी कुमार ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। साथ में शांति भंग की सम्भावना के दृष्टिगत रखते हुए ग्राम जोधी माझीयारी के राम विसून, मंगला प्रसाद सोनू दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट बारा भेजा गया।

शोध छात्रों की मौखिकी परीक्षा संपन्न

जंघई। नागरिक पी जी कालेज जंघई में हिंदी विभाग के शोध छात्रों का एमफिल की मौखिकी परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हुई।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ गंगेश दीक्षित ने बताया कि बाह्य परीक्षक के रूप में प्रोफेसर उमापति दीक्षित विभागाध्यक्ष नवीकरण एवं भाषा प्रसार विभाग केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा उपस्थित थे। इस अवसर पर विभाग के सहयोगी डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, विकास यादव, ममता यादव, डॉ रत्नेश शुक्ल उपस्थित रहे।डॉक्टर उमापति दीक्षित का विभाग में बुके और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।उमापति दीक्षित सर ने भी आशीर्वाद स्वरूप अपने संस्थान की तीन पुस्तकें गंगेश दीक्षित को भेंट किया।

कैंप में 300 लोगों ने लगवाया वैक्सीन

जंघई। चनेथू विद्यालय पर शुक्रवार को कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 300 लोगों ने वैक्सीन लगवाया।जानलेवा बीमारी से निजात पाने के लिए सभी नौजवान, महिलाएं, बृद्ध एवं 18 वर्ष से उपर के बच्चों ने टीकाकरण करवाया।इस अवसर पर प्रधान पति मुन्ना पांडेय, प्रधानाध्यापक अवनीश गौतम, विनोद दुबे अध्यापक, कांस्टेबल राकेश कुमार एवं स्वास्थ्य टीम में चांदनी खरवार, भूपेंद्र, रीता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

जल्द मिलेगी पक्की सड़क : सांसद रीता जोशी

अखंड भारत संदेश

तीस बरस बाद पूरी हुई मुराद

चंदपुर-शंकरगढ़ के बीच सीसी रोड का शिलान्यास करतीं सांसद रीता जोशी व रींवा सांसद व विधायक

सांसद रीता जोशी, जनार्दन मिश्र के साथ विधायकगण ने किया भूमिपूजन

महीनेभर के भीतर पूरा होगा निर्माण, लागत 30 करोड़

शंकरगढ़। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती गांवों के लोगों को शीघ्र ही आवागमन के लिए पिच सड़क उपलब्ध होगी। चंदपुर-शंकरगढ़ के बीच बनने वाली सीसी रोड के लिए रींवा व प्रयागराज के सांसद के साथ ही स्थानीय विधायकों की मौजूदगी में भूमि पूजन किया गया। इस सड़क के बन जाने से दोनों राज्यों के दर्जनों गांवों को सीधा लाभ होगा, क्योंकि यहां के ग्रामीणों को अपनी रिश्तेदारियों, हाट-बाजार सहित ट्रेन पकड़ने के लिए आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

30 करोड़ रुपये की लागत से होगा सीसी रोड का निर्माण

शंकरगढ़ के लाइनपार में हुए भूमिपूजन समारोह में सांसद डॉ डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि 30 करोड़ की लागत से बनने वाली यह सीसी रोड शीघ्र ही आवागमन के लिए सुलभ होगी। इससे हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। कहा कि यदि दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार न होती तो यह संभव न हो पाता। कहा कि सड़कें, किसी भी क्षेत्र के विकास का मूल आधार होती हैं। ऐसे में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के बनने के बाद क्षेत्र के विकास में भी तेजी आएगी। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बनवाए जा रहे विशाल हाईवे नेटवर्क का भी उल्लेख किया।

महीनेभर के भीतर तैयार हो जाएगी सड़क

रींवा के सांसद जनार्दन मिश्र ने भी भाजपा सरकार की तारीफ की। कहा कि भाजपा सरकार के कारण ही रींवा से प्रयागराज तक सडक का निर्माण कार्य पूरा हो सका है। कार्यदायी संस्था एमपीआरडीसी ने सभी का आभार जताया। इस सड़क का निर्माण मेसर्स रामराजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किया जा रहा है और महीनेभर के भीतर ही इस सडक का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। त्योंथर विधायक (एमपी) श्यामलाल द्विवेदी ने कहा कि यूपी और एमपी की सरकारों के प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया है। मोदी और योगी की यह जोड़ी आगे बहुत काम आएगी।

भाजपा सरकार को दिया निर्माण का श्रेय

बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने उक्त सड़क के निर्माण का श्रेय यूपी और एमपी की भाजपा सरकार को दिया। कहा कि इस सड़क की मांग पिछले तीन दशक से की जा रही थी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, आकांशा सोनकर,चेयरमैन लल्लू कनौजिया, प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, शिवयश पांडेय, मोहन यादव, राजेंद्र शुक्ला, रामखेलावन गुप्ता,चतुर्भुज दास गुप्ता, मूलचंद गुप्ता,सभासद सुधा गुप्ता,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,सुजीत केसरवानी, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी, शिवराम सिंह परिहार, जय सिंह पटेल, विपिन सिंह पटेल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, आनंद जयसवाल, जितेंद्र गुप्ता, सोमनाथ वर्मा, मसुरियादीन वर्मा,अंजनीलाल, कुलदीप सिंह, अर्कनाथ पांडेय, महेंद्र शुक्ल, रतन केसरवानी, हेमराज केसरवानी, पंडित त्रियुगीकांत मिश्र, उग्रसेन द्विवेदी, मनोज केसरवानी, कुलदीप पाठक, सौरभ सोहगौरा, रवींद्र पांडेय, प्रमोद तिवारी, रोहित केसरवानी,अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने किया।

जीवन के गूढ़ रहस्यों का संकलन है 'आर्य पुष्प' पत्रिका

सांसद व विधायक द्वय ने धार्मिक पुस्तिका 'आर्य पुष्प' का किया विमोचन

अखंड भारत संदेश

पुस्तक का विमोचन करतीं सांसद रीता जोशी व रींता सांसद

शंकरगढ़। जीवन कैसा होना चाहिए। धरती पर इंसान के रूप में जन्म लेने के क्या मायने हैं। उनकी सराहना कभी मत करो, जो अनीति से धन कमाते हैं, जैसे कई सवालों का सार्थक जवाब समेटे धार्मिक पुस्तिका आर्य पुष्प का सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी व रींवा सांसद जर्नादन मिश्र ने विमोचन किया। एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान दोनों सांसदों ने वरिष्ठ समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता द्वारा संकलित, रचित और संपादित इस पुस्तिका का विमोचन करने के दौरान सांसद द्वय ने कुछ अंशों को पढ़ा और उसे पुस्तिका में लिपिबद्ध करने के लिए आर्य समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता का आभार जताया। सांसद रीता जोशी ने कहा कि ऐसी पुस्तिकाएं ही हमारे समाज को गति प्रदान करती हैं। लोगों के जीवन को सही मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाती हैं और सामाजिक विसंगतियों की खाई को पाटने का कार्य करती हैं। सांसद ने कहा कि धार्मिक पुस्तिका के विमोचन का मौका मिलना ही उनके लिए सौभाग्य की बात है। पुस्तिका के विमोचन मौके पर बारा विधायक डॉ अजय कुमार,त्योंथर विधायक श्याम लाल द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,संत प्रसाद पांडेय,दिनेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, आकांशा सोनकर, चेयरमैन लल्लू कनौजिया, संतोष त्रिपाठी, शिवयश पांडेय, मोहन यादव, राजेंद्र शुक्ला, रामखेलावन गुप्ता, चतुर्भुज दास गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, सुधा गुप्ता, अनूप केसरवानी, सुजीत केसरवानी सरताज, सुजीत केसरवानी आदि मौजूद रहे।

शिक्षक संघ के ब्लाक हंडिया और धनुपुर के अध्यक्ष बनें कमला शंकर यादव व दीप चंद यादव

करछना। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के प्रदेश अध्यक्ष व शिक्षक ,विधायक माननीय लाल बिहारी यादव जी के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष प्रयागराज ननकेश बाबू के द्वारा गठित चयन समिति ने ब्लॉक इकाई हंडिया व धनूपुर ब्लॉक इकाई का विधिवत गठन कर दिया गया है ।चयन समिति में तीन सदस्यीय कमेटी के मुख्य चुनाव अधिकारी बुधराम यादव ,सीता शरण सिंह ,जेपी यादव ,द्वारा ब्लॉक इकाई का सर्वसम्मति से गठित कर दिया गया है। जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव के अनुसार ब्लॉक हडिया के अध्यक्ष कमला शंकर यादव , उपाध्यक्ष,मोहम्मद फिरोज,अवधेश सिंह महामंत्री ,मनोज कुमार यादव मंत्री,निर्मलजीत यादव,सूबेदार यादव , संगठन मंत्री,शिव मोहन पटेल,राम किशोर यादव , मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य ,श्याम लाल यादव,सूबेदार यादव।के साथ ही ब्लॉक इकाई धनूपुर में दीपचंद यादव ,अध्यक्ष उपाध्यक्ष रणविजय यादव,जिलानी, महामंत्री ,रमेश पाल मंत्री,तेज बहादुर बिंद,दान बहादुर यादव, संगठन मंत्री ,रवि कांत बिंद,लालचंद मौर्य, मीडिया प्रभारी अखिलेश यादव ,कार्यकारणी सदस्य शिवधारी यादव,सजय यादव ,को सम्मिलित किया गया है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की उक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण निर्धारित तिथि पर जिला इकाई के अनुमति से संपन्न किया जाएगा।

शिक्षक संघ ब्लाक हंडिया और धनुपुर के चुनाव के पदाधिकारी

नवरात्रि के प्रथम दिन पूरे मेजा में हुई माँ शैलपुत्री की विधिवत पूजा

- गगनभेदी जयकारो से गूंजा पूरा इलाका देखा गया उत्साह
- दो दिन पूर्व से ही माँ के आगमन में सज रहे थे पंडाल
- कठौली के प्रजापति बस्ती का आकर्षक रहा पूजा पंडाल-
- राहुल व दीपक ने विशेष ढंग से किया माता रानी की पूजा

अखंड भारत संदेश

माता शैलपुत्री की आरती व वन्दना करते भक्तगण

मेजा। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ मेजा क्षेत्र के सम्पूर्ण इलाके में स्थापित दुर्गा पंडालो में गुरूवार को माताराणी के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री का पूजन अर्चनकर मंगल कामना की गयी। इस दौरान दुर्गा पंडालो के आयोजको द्वारा जहाँ माताराणी की विधिवत पूरा पाठ एवं गगनभेदी जयकारों से समूचा इलाका मंगलमय होता प्रतीत हो रहा था वहीं माँ के भक्तो में खासा उत्साह भी देखा गया। शारदीय नवरात्र में ब्रत रखने वाले माँ के भक्तों ने माता को चुनरी, सिंदूर, बिंदिया व चूड़ी आदि श्रृगांर का सामान भी अर्पित किया।

उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र के शुभारम्भ होने के दो दिन पूर्व से ही क्षेत्र में माताराणी के आगमन को लेकर मेजा खास, मेजारोड, सिरसा, रामनगर, कोहड़ार, ऊचड़ीह, चिलबिला, माण्डा रोड, भारतगंज तथा माण्डा खास इत्यादि प्रमुख बाजारो के अलावा गॉव-गॉव गली-मुहल्लो में दुर्गा पंडालो का लगना शुरू हो गया था जिसको लेकर काफी चहल-पहल भी देखी गयी थी। कोविड 19 के मद्देनजर अधिकांश दुर्गा पंडालों के आयोजको द्वारा काफी हद तक कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन भी कराया जा रहा है दो गज की दूरी का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि इन-दिनों रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटो से पूरे इलाके में मनोहरी ढंग से दुर्गा पंडालों को देखने से ऐसा प्रतीक होता है कि मानो सचमुच में ही माता रानी इस शारदीय नवरात्र में अपने अलग-अलग रूप में देवलोक से मानव कल्याण के लिए पृथ्वीलोक में आ गयी है जहाँ पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से भक्तगण माता रानी के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिये हैं इसी क्रम में ऐसा ही एक जीता-जागता नजारा कठौली गॉव के प्रजापति बस्ती में माँ शैलपुत्री के अनन्य भक्त दीपक व राहुल प्रजापति के नेतृत्व में संचालित माँ दुर्गा पूजा पंडाल में देखने को मिला। यहाँ गावँ की अविवाहित छोटी-छोटी बच्चियों के द्वारा माताराणी की आरती पाठ कराया गया जो माताराणी के ही रूप में सजी हुई थी। माँ की आरती के दौरान इस बस्ती के सभी नर-नारी एवं बच्चें पूरी श्रद्धा भाव के साथ माता रानी के आरती पाठ में सुर से सुर मिलाती नजर आयी। माँ शैलपुत्री के प्रथम दिन यहाँ का मंजर इस कदर रहा कि जैसे माता रानी की सम्पूर्ण कृपा इस छोटी सी बस्ती में रहने वाले ब्रहमा जी के वंशजो पर ही विशेष रूप से बनी हुई है। इस पंडाल में माँ- दुर्गा चालीसा एवं मां दुर्गा सप्तशती का भी पाठ किया गया। इसके पूर्व माँ के भक्त दीपक प्रजापति के द्वारा कशल स्थापना के साथ माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर शारदीय नवरात्रि का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर अवनीश, विश्वास, शिवम, सत्य, सुधांशु, ज्योति, नीतू, निर्मला सोनी, सुहानी, श्रद्धा, अमरीता, अजय, गोविन्दा, रविन्द्रा, अमित, प्रिंस, विपिन व विनीत के अलावा कई अन्य भक्त मौजूद रहें।

चारों ओर गूंज रहा माता के जयकारे, पूजीं गईं मां ब्रह्मचारिणी

जारी। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन जारी बाजार के बड़े हनुमान जी के मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर साजो- सज्जा के साथ विधि-विधान पूर्वक मां ब्रह्मचारिणी माता की आराधना की गई। शक्ति स्वरूपा माँ जगदंबा ने शिवजी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए ब्रह्मचर्य व्रत धारण करके हजारों वर्ष घोर तप किया जिसके कारण माता का एक नाम पड़ा ब्रह्मचारिणी नवरात्रि के दूसरे दिन मां के इसी रूप के पूजन का विधान है।नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से बड़े हनुमान जी के मंदिर में माता की आराधना की जा रही है । जिसके आयोजक शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपनी पत्नी संग माता की 9 दिन पूजा पाठ आराधना कर रहे हैं । आचार्य मुकेश शुक्ला ने बताया कि मां ब्रह्मचारिणी का पूजन करने से भक्त को धैर्य, ज्ञान और कठोर परिश्रम करने का गुण प्राप्त होता है। विद्धार्थियों को मां ब्रह्मचारिणी का पूजन जरूर करना चाहिए। मंदिर प्रांगण में सुबह शाम आरती के बाद महिलाएं खूब जमकर कीर्तन भजन कर रही हैं और पूजन अर्चन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में मौजूदभक्तगण आयोजक शैलेंद्र कुमार गुप्ता ,कृपा शंकर तिवारी, राकेश कुमार अग्रहरी, मुरारी केसरवानी, महेश केसरवानी , विकास गुप्ता, शरद गुप्ता, अशोक अग्रहरि ,नितेश गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव आदि मंदिर परिसर में भक्तों का ताता लगा रहा ।

टूटा शिव धनुष, राम की हुई सीता

नैनी। सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन सीता स्वयंवर एवं धनुष-यज्ञ लीला का मंचन किया गया। श्रीराम अत्यंत सुगमता से शिव धनुष का भंजन कर देते हैं । महाराज जनक के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। सीता राम के गले में जय-माल डाल देती हैं। सखियां मंगल-गीत गाने लगती हैं। चारों ओर राम जी की जयकार होने लगती है। भगवान परशुराम का आगमन होता है। जैसे ही 'अजगव ' को खंडित देखते हैं, अत्यंत क्रोधित हो जाते हैं। महाराज जनक सहित समस्त पुर-वासी एवं उपस्थित राजा-गण घबरा जाते हैं। तत्पश्चात परशुराम - लक्ष्मण संवाद दर्शकों को रोमांचित एवं प्रफुल्लित कर देते हैं। निर्देशक आलोक नायर की उपस्थिति में जहां एक ओर लक्ष्मण हर्षित पांडेय ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया। वहीं परशुराम की भूमिका का निर्वहन कर रहे राम मणि त्रिपाठी ने उनका डट कर सामना किया। राम की भूमिका में अमितेष श्रीवास्तव एवं विश्वामित्र की भूमिका में लेफ्टिनेंट कर्नल कुमार के.एस.रहे। दक्ष ध्वनि संचालक आयुष केशरवानी एवं रूप सज्जा विशेषज्ञ निधि ने अपनी कला से सीता स्वयंवर में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बब्बन दुबे, विनीत पांडेय, राकेश जायसवाल, नयन कुशवाहा, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

राम विवाह की प्रस्तुति देख भाव विभोर हुए नगर-वासी

नैनी। सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित, प्रसिद्ध नाटय मंच 'द थर्ड बेल' द्वारा मंचित एवं आलोक नायर द्वारा निर्देशित रामलीला के तीसरे दिन राम विवाह से लेकर राम राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन हुआ। प्रथम दृश्य मे बारातियों का स्वागत महाराज जनक करते हैं। सभी बाराती अत्यंत प्रसन्न हैं। मंडप में सीता जी का आगमन होता है। सीता जी की सुंदरता को देखकर बारती मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। सिय सुंदरता बरनि ना जाई। लघुमति बहुत मनोहर ताई ।। विद्वान पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रो के मध्य विधि-पूर्वक सीता-राम का विवाह संपन्न कराया जाता है।राम विवाह देख नगर-वासी भाव-विभोर हो जाते हैं।अयोध्या में नव-वधुओं का स्वागत माताएं करती है। लीला के अगले चरण में गुरु वशिष्ट की सलाह पर महाराज दशरथ राम - राज्याभिषेक की तैयारियों का आदेश देते हैं। इस समाचार को सुनकर अयोध्या- वासी प्रसन्न हो जाते हैं। सुनैना के पात्र में जेसिका आनंद एवं जनक की भूमिका में आशू कपूर ने दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पार्षद किरण जायसवाल शामिल हुई।

भूमि पूजन के साथ ही संपन्न हुआ मुकुट पूजन

नैनी। औद्योगिक नगरी, नैनी स्थित महुआरी, आईटीआई कंपनी के समीप गुरुवार को श्री बाल रामलीला कमेटी ट्रस्ट की ओर से भूमि व मुकुट पूजन कार्यक्रम को संपन्न किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ राजू, प्रबंधक श्रीमती डी.सिंह इंटर कालेज व समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने यजमान की भूमिका निभाई। वहीं कोविड-19 को देखते हुए इस वर्ष भी राम लीला ग्राउंड में 8/10/21 से 15/10/21 तक रामायण पाठ का आयोजन प्रतिदिन सायंकाल 6 से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

न्यूज झरोखा

नगरपंचायत सिरसा में नये तरीके से रामलीला की शुरूआत

सिरसा। प्रयागराज मेजा नगरपंचायत सिरसा में बदलते दौर के साथ रामलीला भी डिजिटल हो गयी हैं। क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा में श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार रात्रि से रामलीला मंचन शुरू हो गया। यहां पर एलईडी स्क्रीन पर लीला दिखाई जा रही है। स्क्रीन के आगे बने मंच पर कलाकार अभिनय करते हैं और स्क्रीन के पीछे सीन प्रदर्शित किया जाता है। यहां पर पर्दा गिराने की जरूरत नहीं पड़ती है। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रामलीला के मंचन में नारद मोह का मनमोहक दृश्य मंचन के माध्यम से लोगों के बीच प्रस्तुत किया गया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बच्चा चौधरी में बताया कि शुक्रवार को राम जन्म और ताड़का वध का मंचन किया जाएगा। सभासद अंकित केसरी ने क्षेत्रीय लोगों से आकर्षक रामलीला के मंचन को देखने के लिए अपील किया है। श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री अनूज केसरी,कोषाध्यक्ष राकेश जायसवाल, राकेश सेठ(गोलू) सुजीत केसरी (बुद्धू), अंकित शायरी, शुभम केसरी के साथ भारी संख्या में मंचन देखने वाले भक्तों की भीड़ जुटी रही।

आदर्श रामलीला कमेटी सहसों द्वारा निकाला गया कर्ण घोड़ा

सहसों। ऐतिहासिक आदर्श रामलीला कमेटी सहसों का रामलीला मंचन के लिए शुक्रवार को सायंकाल साज सज्जा के साथ कर्ण घोड़ा को निकाला गया। जिस में शामिल कमेटी के प्रबंधक महादेव सिंह, ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, राकेश तिवारी, सुंदरम केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, रामेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, लाल चंद गुप्ता आदि रहे। रामलीला का मंचन 9 अक्टूबर से शुरू होकर 19 अक्टूबर तक चलेगा तत्पश्चात 20 अक्टूबर को दशहरे के मेला से खत्म होगा।

शारदा मां के दर्शन को पैदल निकला भक्तों का जत्था

घूरपुर। नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को घूरपुर क्षेत्र के दर्जनो श्रद्धालु मैहर मां शारदा के दर्शन के लिए पैदल जत्था निकला। घूरपुर कस्बा, दलवाबारी, बीकर, इरादतगंज,मनकवार, चक सेमरा, सारीपुर, गांवो के दर्जनों श्रद्धालु शुक्रवार के दिन घूरपुर बाजार में एकत्रित होकर मां शारदा की जयकारे लगा मां शारदा के दर्शन के लिए पैदल मैहर के लिए रवाना हुए। दर्शन के लिए मैहर जाने वाले पैदल श्रद्धालुयों मे भईया लाल यादव, राम जी केसरवानी, नंद लाल केसरवानी, बबलू यादव, सहाजन सिंह, मुन्ना केसरवानी, तेज बहादुर सिंह आदि शामिल रहे।

भारतेन्द्र त्रिपाठी को शब्द शिल्पी सम्मान

सहसों। फूलपुर तहसील के ग्राम सभा देवनहरी के निवासी युवा कवि, लेखक व पेशे से शिक्षक भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी को जनसेवा शिक्षा समिति एवं शोध संस्थान प्रतापगढ़ के एंजिल्स साझा काव्य संग्रह की ओर से उनके साहित्यिक योगदान के लिए शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया है। संस्था की प्रबंधक डां. शाहिदा ने उन्हें यह सम्मान पत्र देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। अभी हाल ही में उनका पहला एकल काव्य संग्रह मेरा प्रतिबिंब प्रकाशित हुआ है। इसके अतिरिक्त उनकी रचनाएं सात अन्य साझा काव्य संग्रह में प्रकाशित हुई हैं। इस पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से शिक्षक योगेंद्र प्रसाद मिश्र, शिक्षक राधेश्याम मिश्रा, शिक्षक रोशन लाल पाल, शिक्षक रवि कुमार द्विवेदी, शिक्षक कामता प्रसाद पाल, शिक्षक राजकुमार पुष्कर सहित आदि लोगों ने बधाई दी।

सरकार की उपलब्धिया घर-घर पहुंचा रहे जिलाध्यक्ष

घूरपुर। दो दशको से मुख्यमंत्री रहकर राज्य की सेवा और प्रधानमंत्री रहते हुए देश की सेवा करने वाले मुझे मेरे प्रधानमंत्री मोदी जी पर गर्व है। मुझे मेरे पीएम पर अभिमान है देश के करोडो. लोगो का स्वाभिमान है पीएम उक्त बाते भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने शुक्रवार को कौधियारा के विभिन्न गावों की जनता से मिलकर जहां प्रधानमंत्री के नाम आभार का पोष्टकार्ड ले रहे तो वही जिलाध्यक्ष ने वोटर लिस्ट का पन्ना दिखाते हुए कहा "मै भी पन्ना प्रमुख हू" मुझे पन्ना प्रमुख होने पर गर्व है। साथ-साथ योगी सरकार की साढे. चार वर्ष की उपलब्धियो का पत्रक बाटते बताते गरीबो का दुखःदर्द सुनकर अधिकारियो से बात कर निदान करवाते रहे। गुरूवार को जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल व जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी के साथ कौधियारा के बूथ 393 अध्यक्ष बेनीपुरी मनीष, बूथ 394 संतोष कुमार तिवारी, बूथ 395 अध्यक्ष हरी शरण सिंह, बूथ 396 अध्यक्ष हेमंत शुक्ला, बूथ 385 अध्यक्ष राम मढ़ी शुक्ला, बूथ 386 अध्यक्ष गिरधर शुक्ला, बूथ नंबर 387 अध्यक्ष राम मूर्ति प्रजापति, बूथ 343 अध्यक्ष मूलचंद्र भारती, बूथ 342 अध्यक्ष भैया लाल तिवारी, बूथ 389 अध्यक्ष उमाशंकर विश्वकर्मा बूथ 390 अध्यक्ष कृष्णकांत पांडे, बूथ 391अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, बूथ 392 अध्यक्ष रामेंद्र कुमार शुक्ला, सुनिल कुमार भारतीय, विद्या शंकर, पंचम लाल बिंद, अवधेश प्रसाद मिश्र, प्रेम चंद्र भारती आदि के साथ जनसम्पर्क करते हुए सरकार की उपलब्धिया गिनाई।

पन्नी डालकर मुफलिसी जिन्दगी जी रहे उमाशंकर को आवास की दरकार

उतरांव। प्रतापपुर ब्लाक के फतेहपुर माफी गांव के इस गरीब का दर्द और आंसू देख आपका आंसू छलक पड़ेगें । पन्नी डालकर मुफलिसी जिन्दगी जी रहे उमाशंकर को एक अदद आवास की दरकार हैं। इस गांव का सबसे गरीब व्यक्ति जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं हैं सबसे महफूज हैं। जबकि गांव में अपात्रों की मौज हैं। वे सारी योजनाओं की मलाई खा रहे हैं। जिम्मेदार लोग अंजान बने हैं। फतेहपुर माफी गांव का उमाशंकर पटेल अपने कुनबे के साथ मुफलिसी जिन्दगी काट रहा हैं। कुनबा पन्नी डालकर बद से बद्तर हांफते हुए जिंदगी की नैय्या बगैर पतवार के काट रहा हैं। मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले उमाशंकर को कभी कभी तो बगैर खाये कुनबे सहित भूखे पेट सोना पड़ जाता हैं।इस गरीब को एक अदद आवास, अंत्योदय राशन कार्ड आदि योजनाएं पात्र होते हुए भी नहीं मिल पाई है। दूसरे वही जो अपात्र हैं जिम्मेदार लोगों की दया पर मलाई खा रहें हैं।अपनी दर्द भरी दास्तान सुनाते सुनाते उमाशंकर के आंसू छलक पड़े। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण इस गरीब की जिंदगी नारकीय बन गई है।

खबर संक्षेप

दुष्कर्म का वांछित् गिरफ्तार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष शंकरगढ़ बृजेश सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म करने के एक नामजद आरोपी को गौघाट, नारीबारी से गिरफ्तार किया गया है। एसओ बृजेश सिंह ने बताया कि आज से करीब 6 माह पूर्व 15 मार्च को वादी महेश (काल्पनिक नाम) द्वारा लिखित तहरीर पर अभियुक्त ओमप्रकाश धरिकार पुत्र राजेश्वरी प्रसाद धरिकार उर्फ नेब्बूलाल नि0 नीबी, लेडियारी, थाना खीरी, प्रयागराज के विरुद्ध खुद के घर घुसकर खुद की पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय थाना पर धारा 376, 452,506 भा0दं0सं0 पंजीकृत कराया गया था, जिसे शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।पुलिस टीम की इस सफलता में एसओ बृजेश सिंह के साथ का0 मनीष कश्यप, का0 अलोक कुमार पटेल, म0का0 लक्ष्मी यादव, म0का0 शशिकला यादव का योगदान रहा।

गंगा स्नान कर रहे बालक की डूबने से हुई मौत, गोताखोरों ने शव को किया बरामद

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। साथियों के साथ गंगा स्नान करने गया भूईपारा गांव का निखिल कुमार (13) पुत्र नरेन्द्र कुमार डूब गया।शुक्रवार सुबह दस बजे घटना की जानकारी पर परिजन व पड़ोस के लोग दौड़ते हुए गंगा घाट पहुंच गए। चौकी प्रभारी जेवनिया आशीष कुमार चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।स्थानीय गोताखोरों को गंगा के पानी में उतार दिया।दो घंटे की खोजबीन के बाद गंगाघाट से कुछ दूर बालक को पानी से निकाल लिया गया। आनन-फानन में सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहां अस्पताल के डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।भूईपारा के नरेन्द्र प्रसाद दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उनका इकलौता बेटा निखिल कुमार शुक्रवार सुबह दस बजे के लगभग मां को बिना बताए गंगा स्नान करने चला गया। नहाने के दौरान गहरे जल में चला गया। उसे डूबता देख साथियों ने हल्ला मचाया लेकिन वहां कोई तैराक नहीं था। निखिल के साथी भागते हुए घर पहुंच गए। लोगों को जानकारी दी तो गंगाघाट पर मजमा लग गया।

गंगा में डूबे युवक की खोजबीन में लगे पुलिसकर्मी

एक एकड़ में किसानों को जेके धान की 40 कुंटल पैदावार खिले चेहरे

उतरांव। उतरांव के ग्राम सभा सिथौली टंकी में जेके सीड्स द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के स्थानीय अधिकारी शारदा प्रसाद मिश्रा एवम क्षेत्रीय प्रबंधक स्नेहांशु सिंह ने जेके 2082 की धान की खूबियों को बताया और किसानों को खेत पर लेजाकर दिखाया। जेके२०८२ धान की खास बात यह रही की मौसम खराब होने की स्थिति में जहां पर अन्य धान गिर गए।वहीं पर जेके 2082 धान नहीं गिरा और एक वर्ग मीटर फसल कटाई करके किसानों को दिखाया गया कि 1 एकड़ में लगभग 40 कुंटल पैदावार मिल रही है। जिसको देखकर सभी किसान बहुत खुश रहे। कमर्शियल हेड रामानुग्रह पांडेय क्षेत्रीय प्रबंधक स्नेहांशु सिंह ने आने वाली रवि फसल में किसानों को अधिक तेल की मात्रा एवं पैदावार वाली सरसों जेके ८५३२ एवं अधिक जिंक मात्रा वाला गेहूं जेके 5501 के बारे में भी किसानों को अवगत कराया। किसानों ने भविष्य में जेके 2082 धान लगाने का वादा किया और इस किसान सभा में लगभग 5 गांव के 100 से अधिक किसान एवं पांच विक्रेता बंधु भी उपस्थित रहे।

पत्रकार के घर पहुंच परिजनों से संवेदना जतातीं सासंद

पत्रकार के घर पहुंच सांसद ने जताई संवेदना

शंकरगढ़। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने सडक हादसे का शिकार हुए वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह के घर पहुंचकर संवेदना जताई है। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और पत्नी-बच्चों को हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन दिया है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह (निवासी शिवराजपुर) के घर पहुंचकर पत्नी पूनम सिंह के आंसू पोंछे। बेटी आयुषी और मानसी के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा कि सुधीर सिंह का जाना उनके लिए भी बहुत दुखद है। उनकी भरपाई तो नहीं की जा सकती है, लेकिन एक अभिभावक के तौर पर जो भी बन पड़ेगा, हर संभव मदद की जाएगी। सांसद ने पत्नी पूनम सिंह और बेटियों से कहा कि उनके लिए वह हर समय उपलब्ध रहेंगी। बताते चलें कि वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह क्षेत्र के शिवराजपुर के रहने वाले थे और बीते माह, 13 सितंबर को घर लौट रहे थे। उसी दौरान प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर के समीप एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद तकरीबन पखवारेभर उन्होंने अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ी, अंत में वह हार गए। रीता बहुगुणा जोशी के साथ दिनेश तिवारी, संत प्रसाद पांडेय, विजय बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, जितेंद्र गुप्ता, सुधा गुप्ता, अनूप केशरवानी, आनंद जयसवाल, आलोक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

नीजिकरण के दुष्परिणाम आने लगें कोयला की कमी, बिजली सेटडाउन : रेवती रमण

अखंड भारत संदेश

करछना। मोदी सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा पुरा देश भुगत रहा है।राज्य सभा सांसद पूर्व बिजली मंत्री कुंवर रेवती रमण सिंह कोयला आपूर्ति कमी की वजह से बिजली उत्पादन ठप होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा पुरा देश भुगत रहा है जिस तरह से आंख मूंदकर अधिकतर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बंद कर या उनका नीजिकरण किया गया जो कभी भी जनहित व देश हित में नहीं होगा।उन्होंने कहा कि कोयला ढुलाई सबसे ज्यादा भारतीय रेलवे द्वारा होतीं थीं अब माल गाड़ी के डिब्बों पर अडानी रेल लिखा रहता है तो ये व्यापारी अपना लाभ देखेंगे कि जनसेवा या देश सेवा करेंगे। सांसद ने कहा कि इसी तरह जब नई कृषि नीति पूरी तरह लागू हो जायेगी तो लोगों को खाने के लाले पड़ेंगे क्योंकि खाद्यान्न की मांग आपूर्ति और दाम पर पूंजीपतियों का कब्जा होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की धरोहर

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ना के बराबर जल्द शहरों की बारी

खनिज संपदा खदानों को पूंजीपतियों के हाथों सौंपने का प्लान आज कोयले की कमी उसी का नतीजा है जिसकी वजह से ₹फर्स्ट पेमेंट देन सप्लाई₹ के सिद्धांत पर काम होने लगा इसलिए यह क्रत्रिम कोयले की कमी बनाई गई हैं जिससें बिजली उत्पादन कम्पनी बकाया भुगतान करने के साथ एडवांस पेमेंट करें जिससें पूंजीपतियों को और लाभ हो जबकि 1972 में कोयला खदानो का राष्ट्रीयकरण हुआ तो कोयले की सप्लाई और मजदूरों के जीवन में सुधार हुआ।सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया मांग आपूर्ति मे समन्वय स्थापित किया जिससें बिजली उत्पादन की निरंतरता बनीं रहतीं थीं कभी भी बिजली उत्पादन फैक्ट्री बंद करने की नौबत नहीं आती थी।

सांसद ने कहा कि भारत जैसे विकासशील अत्यधिक आवादी वाले गरीब कृषि प्रधान देश में सरकारी स्वामित्व खत्म कर पूंजीवादी व्यवस्था लागू करना जनहित में नहीं है। जिलाउपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह जब बिजली मंत्री थे तो जमुनापार को बुंदेलखंड क्षेत्र धोषित कराया था जिसका नतीजा यह था कि जमुनापार को 20घंटे बिजली मिलतीं थी लेकिन भाजपा ने इसे खत्म कर दिया आज जमुनापार के लोग खुद महसूस कर रहे होंगे कि जमीनी काम करने वाले और सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी से झूठ बोलने वालों में क्या अंतर है। प्रवक्ता ने कहा कि मुलायम सरकार मे तत्कालीन पर्यावरण मंत्री उज्जवल रमण सिंह के प्रस्ताव पर स्वीकृत बारा व मेजा थर्मल पावर प्लांट में भी उंगली के दिन का कोयला बचा है यहां भी जल्द उत्पादन ठप हो जायेगा जिससे स्थिति और विकट हो जायेगी।

शुआट्स को मिला सर्वश्रेष्ठ केवीके वैज्ञानिक पुरस्कार

प्रयागराज। शुआट्स का कृषि विज्ञान केंद्र पिछले 25 सालों से कृषक व ग्रामीण समाज की बेहतरी के लिए काम कर रहा है। ह्यआत्मनिर्भर भारत के लिए बहुलवादी और अभिनव विस्तार दृष्टिकोणों के माध्यम से भारतीय कृषि का रूपांतरणह्ल विषय पर इंडियन सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन सेमिनार का आयोजन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में किया गया था। शुआट्स केवीके के परिचालन क्षेत्र के कृषक समुदाय के उत्थान के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और भागीदारी अनुसंधान के तहत कृषि सलाहकार सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए शुआट्स केवीके के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एस.डी. मेकार्टी को सर्वश्रेष्ठ केवीके वैज्ञानिक पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रविंदर जायसवाल, स्टाम्प और न्यायालय मंत्री, डॉ ए के सिंह, डीडीजी-कृषि प्रसार, आईसीएआर, डॉ यू.एस. गौतम, अध्यक्ष आईएसईई व कुलपति बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं। संगोष्ठी के दौरान 28 राज्यों के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें शुआट्स केवीके को सर्वश्रेष्ठ केवीके 2021 का अवार्ड प्राप्त हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत बस्तर करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत बस्तर विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16–09–2021 से दिनांक 20–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बस्तर में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	प्राथमिक विद्यालय हजकटोरवां में कायाकल्प कार्य	4.50 लाख	3 माह
2.	दुखी पटेल के घर से ज्ञान चन्द्र पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण	2.50 लाख	3 माह
3.	मुन्शी लाल के घर से संगम लाल गुप्ता के कुआं तक इण्टरलाकिं व नाली निर्माण कार्य	2.25 लाख	3 माह
4.	जोखू के घर से राजाराम के घर तक इण्टरलाकिं व नाली निर्माण कार्य	2.00 लाख	3 माह
5.	काली मां के चौरा से लोहिया के खेत तक इण्टरलाकिं निर्माण कार्य	1.10 लाख	3 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/ दिनांक 10.09.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बस्तर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

आभूषण की दुकान में दीवाल तोड़कर लाखों की चोरी

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा अमिलहवा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक आभूषण की दुकान का दीवाल तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई हैं। मिली जानकारी के अनुसार सिरसा बाजार के रमकियान मोहल्ला निवासी सुरेश सेठ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी अमिलहवा चौराहे पर सुरेश आभूषण भण्डार के नाम से दुकान है। जहां बीती रात चोरों ने दुकान की दीवार तोड़कर अंदर रखा एक किलो कच्ची चांदी, दस ग्राम सोने का सामान, कुछ चांदी के सिक्के व इलेक्ट्रॉनिक कांटा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सुबह जब पीड़ित दुकान खोलने पहुंचा तो चोरी की घटना देख हतप्रभ रह गया। सुरेश ने बताया कि चोरी की यह घटना उसके साथ दूसरी बार घटित हुई है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सिरसा हरीश चंद्र शर्मा मौका मुआयना कर चले गए। पीड़ित ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हंडिया में मनाई गई पंडित कमलापति त्रिपाठी की 31वीं पुण्यतिथि

पं. कमलापति त्रिपाठी के श्रद्धांजलि समारोह हड़िया में मौजूद नेता गण व उपस्थित लोग

हंडिया। कस्बा स्थित मानस हाल में पंडित कमलापति त्रिपाठी स्मारक समिति नाहरपुर की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. पंडित कमलापति त्रिपाठी की परंपरागत तरीके से 31वीं पुण्यतिथि आदर के साथ मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पंडित जी के पौत्र पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेशपति त्रिपाठी एवं प्रपौत्र पूर्व विधायक ललितेश त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक समरसता और सभी धर्मों का समान आदर पंडित जी के व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान रही है। पंडित जी एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेएन मिश्र तथा पूर्व मंत्री राजेन्द्र त्रिपाठी एवं शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य डॉ. घनश्याम सिंह ने कहा कि देश के स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र के नवनिर्माण में पंडित जी के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। देश व प्रदेश के विकास में उनके द्वारा दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जे, एन मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, राजेश दुबे, गिरीश त्रिपाठी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी गंगापार कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव किसान कांग्रेस गंगापार अध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने भी विचार व्यक्त किया। संचालन करते हुए आयोजक समिति के महासचिव ओमप्रकाश तिवारी ने आभार जताया। अध्यक्षता विजयशंकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख हंडिया महेंद्रकुमार सिंह विजयनाथ पाण्डेय चंद्रप्रकाश मिश्र कमलभान सिंह अकमल इमाम रमाकांत त्रिपाठी महेश शुक्ला बलराम बिंद शिवचंद्र बिंद मन्नान अंसारी सलीम अख्तर गरुण पाण्डेय रमेशचंद्र पाण्डेय राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे।

ग्राम प्रधानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

ग्राम प्रधान बंधु विकास में भागीदार बनें : मुकेश कुमार कोल

अखंड भारत संदेश

कोरांव। कोरांव ब्लाक के बीआरसी सभागार में तीन दिवसीय ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आयोजित हुआ,जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल,बीडीओ कोरांव,ए बी एस ए एवम ए डी ओ पी कोरांव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त आयोजन पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार ने कहा कि निर्वाचित ग्राम प्रधान गण गांवों के विकास में आगे आएं,जिससे ग्राम की तस्वीर बदल सके। उन्होंने कहा कि प्रधान बंधु प्रशिक्षित हो कर पंचायतीराज तथा ग्राम्य विकास के प्रति जागरूक ह्वों जिससे ग्राम का समग्र विकास हो और सरकार की मंशा का उद्देश्य पूर्ण हो सके। खंड विकास अधिकारी कोरांव रमा शंकर सिंह ने कहा कि निर्वाचित ग्राम प्रधान बंधु अपने अधिकार और दायित्व का बखूबी दिलचस्पी से निर्वहन करें। साथ ही प्रशिक्षित हो कर गांवों के कायाकल्प में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास हेतु मेरे स्तर से जहा भी समस्या उत्पन्न होगी हम सहर्ष सहयोग करने को तैयार हैं और जिला प्रशासन को भी अवगत कर समस्या का समाधान करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान गांवों में जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके मिट्टी के कार्य कराएं जिससे श्रमिकों को काम मिल सके। इससे गांव का विकास और मजदूरों का कल्याण सुनिश्चित हो सकेगा। इसी प्रकार खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधानों का खैर मकदम करते हुए कहा की प्रधान गण अपने ग्राम के विद्यालयों के कायाकल्प हेतु प्रयास करें। और शिक्षा के प्रति ध्यान दें और सहयोग प्रदान करें। इसी प्रकार शहायक विकास अधिकारी पंचायत डी सी पाठक तथा ए डी पी आर ओ प्रयागराज आशुतोष ने ग्राम प्रधानों को ग्राम के समग्र विकास में तत्पर रहने का आह्वान किया। साथ ही वास्तविक ग्राम प्रधानों को कार्यक्रमों में, पंचायत भवनों में बैठने का आग्रह किया। जिससे महिला सशक्ति करण को अमली जामा पहनाया जा सके।डा0 अर्चना श्रीवास्तव,डाक्टर गिरिधारी,अनीश भाई आदि ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को अंजाम दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुज यादव,ग्राम प्रधान अल्हवा एवम सोशल एक्टिविस्ट शहजादे आदि ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम 11 अक्टूबर तक चलेगा जिसमे प्रधानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा।

ब्लाक के बीआरसी सभागार में प्रधानों का प्रशिक्षण शिविर

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, किया जागरूक

वाहन चेकिंग करते पुलिस के जवान

अखंड भारत संदेश

मेजारोड। डीआईजी/ एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी व सपी यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना मांडा अवन कुमार दीक्षित क्षेत्र में शांति ब्यवस्था व कानून ब्यवस्था चुस्त एवम दुरूस्त बनाये रखने के हृतिगत अपने हमराह व अन्य पुलिस के साथ गौरी शंकर चौराहा पर सन्दिग्ध वाहन ,सन्दिग्ध लोगो व विना हेलमेट के लोगो का चेकिंग कर उन लोगो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवम शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा हेतु लगे पंडाल के संचालको को कोवीड 19 के संक्रमण से बचने हेतु शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुये दुर्गा पूजा के पंडाल में संचालक श्रधालुओ की संख्या रखने के लिये जागरूक किया। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक थाना मांडा अवन कुमार दीक्षित बिना बताये चौकी दिघीया पहुचकर विंदुआर जांच कर चौकी प्रभारी रामबहादुर व पुलिस कर्मी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत चनैनी करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत चनैनी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 09–10–2021 से दिनांक 14–10–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत चनैनी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–10–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–10–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	साधू के घर से सोनू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	3.99 लाख	2 माह
2.	इजहार के घर से मुन्ना के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	3.99 लाख	2 माह
3.	रीता देवी का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
4.	नेहा का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
5.	भनी का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/ दिनांक 08.10.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चनैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

दुकान में लगे दरवाजे का ताला तोड़ हजारों की चोरी

पट्टी, प्रतापगढ़। दुकान के पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरी, डेयरी मशीन सहित हजारों का सामान उठा ले गये। सुबह जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कंधई थाना क्षेत्र के ईसनपुर निवासी सत्य प्रकाश पांडेय ने रखहा कंधई हनुमानगंज रोड पर दूध डेयरी एवं किराना स्टोर की दुकान खोल रखी है। बुधवार देर शाम वह दुकान बंदकर घर चले गये। रात में अज्ञात चोरों ने दुकान के कमरे का पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गये तथा दुकान के गल्ले में रखा दस हजार रूपये के साथ ही रिफाइंड तेल,दूध डेयरी मशीन, बैटरा, इंवर्टर सहित हजारों का किराना का सामान उठा ले गए। सुबह सत्य प्रकाश दुकान खोलने पहुंचे तथा दुकान के अंदर का सामान बिखरा देख उन्हें चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल वापस चली गई। प्रभारी एसओ कंधई शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में क़ानून व्यवस्था, सड़क, बिजली, बेहतर स्थिति में : मनीष

लीला पैलेस में आयोजित हुआ जिला मीडिया कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लीला पैलेस में जिला मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला, विशिष्ट अतिथि युवामोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आशीष श्रीवास्तव और अध्यक्षता जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में सड़क पुल, बिजली और कानून

व्यवस्था में अभूतपूर्व कार्य को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक 124 दीर्घ सेतु, 58 ऊपरगामी सेतु, 355 लघु सेतु यानी कुल 535 सेतुओं को लोकार्पित किया है। उन्होंने कहा कि 305 दीर्घ सेतु, 767 लघु सेतु एवं 180 ऊपरगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही 14 हजार 638 किलोमीटर लंबाई के मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान संचालित किया गया है। वर्तमान में मिशन शक्ति का तृतीय चरण गतिमान है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना इत्यादि योजनाएं लागू की गई हैं। ग्राम सचिवालयों में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक कक्ष आरक्षित करते हुए वहां महिला पुलिस बीट अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है, जो उनकी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। इस अवसर जिला सह मीडिया प्रभारी रघुवर सिंह, मुनन पाल सहित सभी मंडल मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों मे मासूम के साथ विवाहिता की मौत, हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों मे मायके मे मासूम के साथ विवाहिता की मौत से हडकंप मच गया। कोतवाली के अलीपुर गांव मे रामकिशोर साहू की पुत्री ममता साहू पतने मनोज इन दिनों मायके मे रह रही थी। ममता का पिता शुक्रवार को बाजार खरीददारी के लिए गया था। बाजार से बेटी तथा नातिन को कपड़े आदि लेकर लौटा तो फंदे से पुत्री का लटकता शव देख आवाक रह गया। वहीं मकान से कुछ दूर पर दूसरे कमरे मे चारपाई पर ममता की एक माह की बेटी भी मृत पायी गई। रामकिशोर साहू का गांव मे सटा हुआ अलग अलग दो मकान है। एक मकान मे बेटी का शव फंदे से लटकता मिला तो दूसरे मकान के कमरे मे डेढ़ माह की नातिन का शव चारपाई पर मिला। मृतका का विवाह पडोस के घूंघुर लवाना गांव निवासी मनोज साहू के साथ हुआ था। पति मनोज नोएडा मे कारोबारी के सिलसिले मे रहता है। बताया जाता है कि मृतका ममता की बेटी की तबीयत इधर खराब चल रही थी। मां-बेटी की मौत की जानकारी होते ही गांव मे हडकंप मच गया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही गांव के लोगों ने मृतका का शव फंदे से उतार लिया था। जानकारी मिलते ही लालगंज कोतवाल कमलेश पाल भी अलीपुर गांव पहुंच गये। मृतका ममता अपने पिता की अकेली संतान थी। मासूम के साथ मृतका की मौत को लेकर गांव मे हत्या की वारदात की आशंका जताई जा रही है। दबीजुबान से लोग ममता व उसकी मासूम बेटी की मौत को अकेली संतान होने के कारण सम्पत्ति की बदनीयती से भी जोड़ा जा रहा है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है दोनों शवों का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया गया है, पीएम रिपोर्ट तथा घटना की जांच के तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सुधीर बने संग्रामगढ़ प्रभारी

परियावां, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना क्षेत्रों में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद के कई उपनिरीक्षक व प्रभारियों का तबादला किया जिसमें संग्रामगढ़ थाना के सोशल मीडिया पर अर्जुन गुप्ता के द्वारा पुलिस की किरकिरी होने पर संग्रामगढ़ थाना प्रभारी अमित सिंह को क्राइम ब्रांच बुला लिया। वही सुधीर कुमार सोनी को संग्रामगढ़ का नया प्रभारी बनाकर भेजा। अब देखना है कि संग्रामगढ़ थाना के नवागत थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी जनता की कसौटी पर कितना खरा उतरते हैं?

विधिक सहायता हेतु लोगों को किया जागरूक

परियावां, प्रतापगढ़। विधिक सहायता एवं गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के परिपेक्ष्य में शुक्रवार को कुंडा दीवानी परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी के निर्देश व एसीजीएम कुंडा निधि यादव तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण कुण्डा के मार्गदर्शन में तहसील परिसर में निशुल्क विधिक सहायता एवं गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के परिपेक्ष्य में दूरदराज से आए वादकारियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिनन्-योजनाओं के बारे में पम्पलेट के माध्यम से जानकारी पीएलवी कुण्डा शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव व आशीष ओझा के द्वारा दी गई।

मकान में आगजनी से दो परिवारों की गृहस्थी खाक, लाखों का नुकसान

विधायक मोना ने प्रशासन को मदद के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात कारणों से मकान मे लगी आग से दो परिवारों की लाखों की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। घटना मे एक परिवार की रखी अठारह हजार नकदी भी जलकर राख हो गयी। नगर पंचायत के गौतमपुर वार्ड मे सांगीपुर थाना के भैंसना कटेहटी के संजय सिंह तथा अन्तू थाना के रसूलपुर गुलरहा रामनगर भोजपुर के रविप्रसाद तिवारी का परिवार रामलखन कौशल के मकान मे किराये पर रहता है। दोनों परिवारों के बच्चें स्थानीय स्कूलों मे पढ़ाई किया करते है।

रविप्रसाद तिवारी लक्ष्मणपुर ब्लाक मे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबन्धक है। गुरूवार की रात बिजली न होने के कारण परिवार के सदस्य बच्चों सहित छत पर सो रहे थे। रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों से मकान के भीतर आग लग गई। थोड़ी देर मे दुर्गन्ध महसूस कर परिवार की महिलाएं नीचे आयीं तो आग की लपटें देख आवाक रह गयी। दूसरी मंजिल पर लगी आग मे दोनों परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। महिलाओं के सोने चांदी के कीमती आभूषण भी जलकर राख हो गये। वहीं अनाज तथा कपड़े व बर्तन आदि भी नष्ट हो गये। आग बुझाने के प्रयास मे रवि तिवारी की पतने इन्दु तिवारी का पैर भी टूट गया। रवि तिवारी के कमरे मे रखी अठारह हजार की नकदी भी आगजनी मे जलकर खाक हो गयी। शुक्रवार को नगर के एक अस्पताल मे इन्दु का इलाज कराया गया। आगजनी का शोर सुनकर वार्ड के लोगों मे जगहट हो गयी। सूचना पर फायर बिग्रेड भी पहुंची। हालांकि रास्ता सकरा होने के कारण फायर बिग्रेड को आग बुझाने मे मशक्कत करनी पड़ी। वहीं पडोसियो ने भी आग को काबू पाने मे कडी मशक्कत की। शुक्रवार की सुबह जानकारी होने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष ने दोनों प्रभावित परिवारों को पांच-पांच हजार रूपये की निजी सहायता भी प्रदान की। इधर विधायक आराधना मिश्रा ने प्रशासनिक अफसरो से फोनिक वार्ता कर पीड़ितो की मदद कराये जाने को कहा। एसडीएम राहुल यादव के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज भी मौके पर पहुंचे और क्षति का आकलन कर एसडीएम को रिपोर्ट सौपी है। नगर पंचायत वार्ड मे आगजनी की इस घटना से पीड़ित परिवार को शुक्रवार की सुबह बदहवाश देखा गया। वहीं वार्ड के लोगों में भी घटना को लेकर दुख का माहौल दिखा।

हत्या के प्रयास के अभियोग में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना अन्तू से 30नि0 कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 401/2021 धारा 307, 323, 504, 506 भादवि से संबंधित दो वांछित अभियुक्त अनिल पाल पुत्र भोला पाल नि0 किशुनगंज सण्डवा चन्द्रिका थाना अन्तू व राकेश कुमार गुप्ता पुत्र मेवालाल गुप्ता नि0 सूरजपुर थाना अन्तू को थाना क्षेत्र के सण्डवा चन्द्रिका अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि एक अक्टूबर 2020 की रात्रि को पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर आरोपीगण द्वारा वादी के भाई को धारदार हथियार व लाठी-डण्डों से जान से मारने की नियत से मारा-पीटा गया जिससे वह घायल हो गया।

सुई लगेगी तभी भागेगा कोरोना

रीवर डेल स्कूल के कैम्प में बच्चों ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अंकल, अंकल जी, सुई लगवा लो, नहीं तो कोरोना पकड़ लेगा। घर के लोगों को भी हो जाएगा। शुक्रवार को रीवर डेल पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के संयुक्त प्रयास से लगे कोविशिल्ड कैम्प में टीका लगवाने आये लोगों को स्कूल के बच्चे कुछ इस तरह से जागरूक करते नजर आये। स्कूल का लंच हुआ था। जिस कमरे में टीका हो रहा था उसमें भीड़ देख बच्चों की उत्सुकता बढ़ी। वहां पहुंच कर सर्वज्ञ पांडेय, श्रीश पांडेय, अजलान खान समेत कई बच्चों ने सुई लगवा रहे लोगों को सुई लगवाने और जो नहीं लगवाये है उनको भी कैम्प में आकर लगवाने के।लिये कहा। बोले सुई लगी होगी तो कोरोना नहीं होगा। प्रबंधक इमरान खान ने बच्चों को कोरोना के प्रति जागरूक किया। लोगों से टीका लगवाने की अपील की। कैम्प में डॉक्टर अनुराग, अश्विनी केसरवानी, रमेश नटराज, शरद केसरवानी, आशा पांडेय, सुधा पांडेय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां समेत कई लोग सक्रिय रहे।

किसानों के मामले में राजनीति से बाज आए विपक्षः संतोष मिश्रा

भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य ने किसानों के बीच कही बातें

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। किसानों के मामले में राजनीति से विपक्ष को बाज आना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के हित में इतना कार्य किया है कि किसान खुश हैं, विपक्ष किसानों की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेक रहा है। उक्त बातें शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य संतोष मिश्रा ने किसानों के बीच बातचीत के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के लगभग कई जिलों में एक उत्पाद एक जिला के तहत किसानों को मजबूत करने के लिए मोदी एवं योगी की सरकार ने बहुत कुछ कार्य किया है। सम्मान निधि से किसान को काफी राहत दी गई है। फसल बीमा योजना, फसलों का उचित मूल्य, सब कुछ मिल रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि उज्वला के माध्यम से लोगों को रसोई गैस कनेक्शन मुफ्त में मिला। कई वर्षों तक कांग्रेस ने लोगों को गुमराह करने का कार्य किया। सपा, बसपा दोनों की कलई खुल गई है। अब सिर्फ और सिर्फ भाजपा के साथ किसान खड़ा है। जिले में आंवला किसानों के लिए भी सरकार ने बहुत कुछ कार्य किया है। इस दौरान सदर मंडल अध्यक्ष महावीर पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के की लोकप्रियता से विपक्ष बौखला गया है। यह तय हो चुका है कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। किसान राजमणि ने कहा कि किसानों में भाजपा की लोकप्रियता बरकरार है। नगर के बाबागंज स्थित कैंप कार्यालय में बैठक के दौरान सुधीर दुबे, मोनू शुक्ला, राकेश पांडेय, कृष्ण प्रताप सिंह, नवीन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सेवा ही समाप्त कार्यक्रम में आजादी का 75वां अमृत महोत्सव भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में सौ मीटर के तिरंगे के साथ भाजपा कार्यालय बाबागंज से होते हुए निर्मल पैलेस तिराहे पर स्वामी विवेकानंद के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए भंगवा चुंगी भगत सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ भाजपा कार्यालय बाबागंज पर समाप्त हुआ।

तिरंगा पद यात्रा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सहभागिता की जिसमें जिले के समस्त पदाधिकारी और मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर महामंत्री सुजीत पाण्डेय, नितीश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विक्रम, मनोज, अश्वनी, शुभम सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश, मंत्री कुमुद त्रिपाठी, शुभम पाण्डेय, अंकित सिंह, अंकित, रोहित सन्यासी, रवीन्द्र, सर्वेश्वर एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखीमपुर खीरी की घटना पर सुप्रीम कोर्ट का स्टेट्स तलब करना ऐतिहासिक कदमः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा यूपी आउटरीच एण्ड कोआर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने लखीमपुर खीरी मे किसानों की हत्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा स्टेट्स रिपोर्ट तलब किये जाने के फैसले को स्वागत योग्य कहा है। श्री तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी की घटना की वीभत्सता को देखते हुए जिस तरह से घटना को अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं करार देते हुए सरकार से एफआईआर मे दर्ज आरोपियो की अब तक की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी मांगी है, यह एक ऐतिहासिक न्यायिक कदम है। शुक्रवार को यहां जारी बयान मे सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि घटना को लेकर तीन दिन तक सरकार की निरंकुशता तथा अन्याय को महसूस करते हुए मीडिया की खबरो का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के गैरजिम्मेदाराना रवैये को लेकर यह असाधारण और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी का यह बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने निर्गत किया है।

सीता माता की उत्पत्ति की निकली झांकी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित रामलीला में दूसरे दिन आज सीता माता की उत्पत्ति की झांकी निकाली गई। शोभायात्रा को संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष श्याम शंकर सिंह, उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिनन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, रविंद्र बंटी आदि पदाधिकारियों ने रथ को साथ- साथ लेकर गोपाल मंदिर से चौक होते हुए सदर बाजार चौराहा से चौक होते हुए निर्मल तिराहा से स्टेशन वापसी पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर समाप्त हुई। रास्ते में माताओं ने माता सीता के जन्म की झांकी की आरती उतार रही थी। सीता उत्पत्ति के साथ महाराजा जनक व सुलोचना भी रथ पर सवार थी गाजे-बाजे के साथ माता सीता के जन्म का दृश्य लोगों को भाव विभोर कर रहा था। बता दें कि श्री रामलीला समिति के द्वारा शनिवार को तीसरे दिन मुनि आगमन एवं ताड़का वध की झांकी निकाली जाएगी।

एसपी ने निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले

प्रतापगढ़। एसपी सतपाल अंतिल ने कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पांच निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक का स्थानांतरण किया है। नि0 सत्येन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से प्र0नि0 थाना कंधई, नि0 चन्द्रभान सिंह को पुलिस लाइन से प्र0नि0 थाना हथिगवां, नि0 सुधीर सिंह को पुलिस लाइन से प्र0नि0 थाना संग्रामगढ़, नि0 नीरज वालिया को प्र0नि0 थाना कंधई से क्राइम ब्रान्च, प्रतापगढ़, उ0नि0 दूधनाथ यादव को थानाध्यक्ष, थाना हथिगवां से क्राइम ब्रान्च, प्रतापगढ़, उ0नि0 अमित सिंह को थानाध्यक्ष, थाना संग्रामगढ़ से क्राइम ब्रान्च, प्रतापगढ़ व उ0नि0 अमित सिंह को थाना फतनपुर से चौकी प्रभारी सुवंसा थाना फतनपुर भेजा गया।

टंकी से लोहे की सरिया गायब

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के परहत गांव में शासन द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है निर्माण कार्य का ठेका इंडिगो शोलर सेल्युसन् कंपनी के हाथ है। कंपनी के सुपरवाइजर कंपनी की तरफ से निर्माण का कार्यभार संभालते आ रहे हैं। बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर निर्माण के लिए रखी 2 कुंटल के करीब सरिया चोरी कर ले गए जिसकी शिकायत प्रार्थी राकेश सिंह ने आसपुर देवसरा पुलिस से की है।

खबर संक्षेप

बाइकों की आमने सामने भिड़ंत दोनों गम्भीर घायल

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल नहर पुलिया के पास दो बाइक सवारों में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी जिसमे दोनों गम्भीर घायल हो गए सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र सौराई बुजुर्ग निवासी देशराज पुत्र मेवालाल मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखर पुर निवासी रामचंद्र पुत्र राम सूरत की शुक्रवार सुबह आमने सामने बाइकों में भिड़ंत हुई है देशराज दूध का डिब्बा लेकर सिराथू बेंचने जा रहे थे।

कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा चौकी इंचार्ज बलराम सिंह अपने हमराह कांस्टेबल अरुण यादव व कांस्टेबल आशीष तिवारी पुलिस बल द्वारा एक अभियुक्त रामबरन पासी पुत्र पंचम लाल निवासी शेखपुर रसूलपुर से 10 लीटर महुआ की कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

पत्रकार के पिता की मौत

टेडीमोड कौशाम्बी। एक समचार पत्र के पत्रकार रामबाबू के पिता की लम्बी बीमारी से हृदय गति रुकने से बीती रात देहांत हो गया है शहजादपुर घाट मे शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग मौजूद रहे पत्रकार के पिता की मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 81 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

अलग अलग विकास खण्ड जिसमें सरसवां में 30 जोडे, विकास खण्ड कौशाम्बी में 22 जोड़े एवं विकास खण्ड मंझनपुर में 29 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, विधायक मंझनपुर ने नव जोड़ों को दिया आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

नए जोड़े को भेंट देते विधायक

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को विकास खण्ड मंझनपुर, सरसवां एवं कौशाम्बी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास खण्ड सरसवां में 30 जोडे, विकास खण्ड कौशाम्बी में 22 जोड़े एवं विकास खण्ड मंझनपुर में 29 जोड़े विवाह के बन्धन में बधें। इस प्रकार तीनों विकास खण्डों में कुल 81 जोड़े विवाह के बन्धन में बधें।

इस अवसर पर विधायक मंझनपुर लाल बहादुर ने नव जोड़ों का बधाई व आशीर्वाद दिया तथा ईश्वर से नव जोड़ो का दाम्पत्य जीवन खुशहाल रखने की कामना की। उन्होने नव जोड़ो से कहा कि वे सात वचनों का जीवन भर पालन कर अपना दाम्पत्य जीवन सफल और खुशहाल बनायें। उन्होने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में 35 हजार रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, 07 वर्तन) हेतु 10 हजार) रुपए दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था हेतु रुपए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरला राय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जमीन बेचने के बाद कब्जा नहीं करने दे रहे दबंग

पुलिस की कार्यवाही से फिर पुलिस वर्दी हुई शर्मसार

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के आर्का महावीर पुर गांव में जमीन बिक्री कर रकम ले लेने के बाद खरीददार को जमीन पर दबंग कब्जा नहीं करने दे रहे हैं मामले में खरीददार पीड़ित विधवा महिला ने अर्का चौकी पुलिस से शिकायत किया तो पुलिस ने खरीददार महिला को ही अपराधी मानकर शांति भंग में चालान कर दिया है पुलिस के इस खेल से खरीददार को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है जमीन बेचने के बाद रकम लेकर उसकी लिखा पढ़ी कर देने वाले बेईमान विक्रेता को पुलिस के इस कारनामे से बल मिल रहा है। बताते चलें कि करारी थाना क्षेत्र के अर्का महावीर पुर गांव निवासी नीरज कुमार रेनू पांडेय अनीस ने एक जमीन गांव की विधवा महिला राधा देवी पत्नी स्वर्गीय शिव बाबू को बीते वर्ष बेचकर अस्सी हजार रुपए की रकम ले ली थी लेकिन जमीन बेचने के बाद इन बेईमानो की नियत बदल गई और बेईमान बिक्रेता ने तरह तरह की ड्रामेबाजी करना शुरू कर दिया खरीददार राधा देवी अपनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रही थी दबंग एकजुट होकर मौके पर पहुंचे गाली गलौज मारपीट करने के साथ जमीन निर्माण रोक दिया इस उम्मीद से पीड़ित महिला पुलिस के पास पहुंची कि पुलिस उसके साथ न्याय कर देगी लेकिन न्याय करने की बजाए पुलिस दबंग बेईमानों का समर्थन करने लगी और राधा देवी के परिवार को ही दोषी मानते हुए शांति भंग के मुकदमे में पाबंद कर चालान कर दिया है।

न्यूज झरोखा

मनौरी रामलीला का हुआ शुभारम्भ, मुकुट पूजन व नारद मोह का किया गया मंचन

मुकुट पूजन करते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

मनौरी कौशाम्बी। मनौरी बाजार के श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में आज रामलीला का शुभारंभ में मुकुट पूजन किया गया ,तत्पश्चात नारद मोह का मंचन के साथ कार्यक्रम का संचालन किया गया महमूदपुर के भूतपूर्व प्रधान जगदीश चंद्र केशरवानी ने पूजन किया रामलीला का शुभारंभ शम्भू लाल केशरवानी ने फीता काटकर किया शम्भू लाल केशरवानी ने बताया कि यह मनौरी बाजार का श्री रामलीला का मंचन और दशहरा अंग्रेजो के समय से लगातार यहाँ होता चला आ रहा है और आज भी सकुशल हो रहा है इसमें प्रशासन और नगर के लोगो का बड़ा सहयोग रहता है उन्होंने कहा कि यहाँ के मेले सबसे बड़ा श्रेय स्व0 शीतल दीन व स्व0मीतल दीन गुप्ता को जाता है क्योंकि इन्ही दोनो लोगो ने अंग्रेजो से आदेश लेकर रामलीला शुरू कराया था इनके पश्चात स्व0 मोती लाल गुप्ता, स्व0 बनवारी लाल गुप्ता राललीला को बराबर सकुशल कराते रहे और विशेष सहयोगी मुस्लिम समुदाय के स्व0 एम एम खान जो मेले की पूरी जिम्मेदारी के साथ मेले को लगवाने का कार्य करते थे और वह मेले को शांति पूर्वक सम्पन्न कराते थे वर्तमान समय मे अध्यक्ष पद का दायित्व कुबेर चंद्र केशरवानी को सर्व सम्मति से दिया गया और प्रबंधक उमेश चंद्र केशरवानी(दीपू),कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार निर्वाचित हुए उदघाटन में उमेश कुमार दीपू,मनोज कुमार केशरवानी उर्फ पटेल, रतन कुमार केशरवानी, नरोत्तमदास केशरवानी,सुधीर कुमार केशरवानी राधेश्याम केशरवानी, हेम चन्द्र केशरवानी, आर राज कुमार केशरवानी, गिरीश चंद्र गुप्ता, अंकित कुमार केशरवानी मोहन लाल केशरवानी ,राज कुमार इंजीनियर,उमेश कुमार,राजेश कुमार केशरवानी, राकेश गुप्ता पत्रकार,राज कुमार,वीरेंद्र कुमार केशरवानी, पंकज कुमार केशरवानी, राम प्रकाश वर्मा ,रिंकू केशरवानी, अंकित गुप्ता,शिव बाबू केशरवानी चायल, वीरेंद्र कुमार केशरवानी, बलराम साहू,सब्बर अली सुनील कुमार सुरेश सिंह रमाकांत सिंह पटेल,मदन केशरवानी, सुशील केशरवानी राम प्रताप यादव , गुलाब यादव ,मनोज सोनी ,राज कुमार पत्रकार संदीप सिंह पत्रकार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी विधि विधान से पूजी गयी मां दुर्गा

कौशांबी। नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी पंडालों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर भक्त पूजन अर्चन में लगे हैं भक्तों द्वारा गांव गांव देवी मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन किया जा रहा है घर-घर भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू किया है देवी पंडाल से लेकर मंदिरों तक भक्तों की भीड़ लगी है पुरुषों के साथ महिला भी मां की भक्ति में लीन दिख रही है सुबह से देर रात तक मंदिर और देवी पंडालों में मां के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है कीर्तन भजन पूजन यज्ञ हवन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देवी पंडाल और मंदिरों में भक्तों द्वारा वह चढ़ कर किया जा रहा है जिले के भरवारी सिराथू अझुवा कल्यानपुर मंझनपुर करारी पश्चिम सरीरा मूरतगंज मनौरी पूरामुफ्ती सराय अकिल तिल्हापुर मोड़ चायल चरवा उद्दिन कड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर पंडालों में देवी मां की भव्य प्रतिमा भक्तों ने स्थापित की है लाउडस्पीकर से मां का जयकारा लगाया जा रहा है देवी पंडालों में कीर्तन भजन भी भक्तों द्वारा आयोजित किया गया है यह कह लिया जाए कि पूरा जिला मां दुर्गा की उपासना में लीन है कड़ा धाम में मां शीतला की पूजा अर्चन में भक्तों की भीड़ लग रही है देवी मां के जयकारे से मां शीतला धाम गूंज रहा है।

सड़क हादसे में मामा की मौत भांजा घायल

इमामगंज कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर पुल के पास बाइक सवार पुल की रेलिंग से टकरा गए हैं जिससे मौके पर मामा की मौत हो गई है और भांजा घायल है। जानकारी के मुताबिक इलाहाबाद के दारागंज के रहने वाले शंभू लाल पुत्र चिरौंजीलाल बाइक से अपने भांजे के साथ महेवा घाट रिश्तेदारी जा रहे थे जैसे ही वह मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर पुल के पास पहुंचे सामने से आ रहा ट्रक चालक ओवरटेक करने के चक्कर तेज गति से निकलने लगा ट्रक को बचाने के चक्कर में शंभूलाल पुल की रेलिंग से टकरा गए जिससे शंभू लाल की मौके पर मौत हो गई है और उनका भांजा इस हादसे में घायल है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शंभूलाल की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल भांजे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

कौशाम्बी। जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ग्राम-हिसामपुर परसखी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौम्या गिरी के सौजन्य से संचालित सरकारी योजनाओं एवं घर-घर जाकर विधिक सहायता हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा कोविड 19 से सुरक्षा एवं टीकाकरण के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर में एडीओ पंचायत रामसिंह यादव, ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

आग लगने से लाखों का सामान खाक

कल्यानपुर कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के निन्धियावा ग्राम सभा में गुरुवार की रात को शोभई लाल सरोज पुत्र राम दुलारे के घर में आग लग गई है आग लग जाने से घर में रखा गृहस्थी के कीमती सामान के साथ एक बाइक जलकर खाक हो गई है पीड़ित का कहना है कि इस अग्निकांड की घटना में उसका लाखों का नुकसान हुआ है मामले की सूचना पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस के साथ-साथ तहसील प्रशासन को दिया है पीड़ित ने शासन प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय सांसद विधायक से मदद की गुहार लगाई है।

पांच लाख के जेवरात कपड़े पर चोरों ने किया हाथ साफ

सराय अकिल कौशाम्बी। सराय अकिल थाना अंतर्गत बेनीराम कटरा चौकी क्षेत्र के ग्राम खरसेन का पूरा निवासी क्षत्रपाल सिंह पुत्र स्व0 शिवदर्शन सिंह ने सराय अकिल थाने में शिकायती पत्र दिया कि बीतीरात लगभग एक बजे अज्ञात चोर दीवाल फांद कर कमरे में घुसे और आलमारी का ताला तोड़ कर लगभग पांच लाख के जेवरात और कपड़े उठा ले गए ।पीड़ित के अनुसार चोर एक सोने की अंगूठी मनचली जंजीर,चूड़ी,झूमक,नथिया,चांदी के पायल पेटी सोने के हार सोने के लाकेट सहित कपड़े उठा ले गए।

भ्रष्टाचार मुक्त विकास करना सरकार का है संकल्प : उपमुख्यमंत्री

जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु अनेक कार्य किये गये, जनपद में पर्यटन को बढ़ावा एवं रोजगार के अवसर हेतु अनेक कार्य प्रारम्भ किये

प्लांट का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री उपस्थित विधायक गण

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री द्वारा ऋषिकेश उत्तराखंड से नवनिर्मित बस डिपो मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम केयर फण्ड से संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में स्थापित संचालित ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े एवं बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनेक कार्य किए गए हैं। जनपद में 08 लाख लोगों को अभी तक कोविड-19 वैक्सीन तथा देश में 93 करोड़ लोगों को टीका लगाई जा चुकी है। उन्होने देश के वैज्ञानिकों को कोविड-19 का टीका बनाने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार देश व प्रदेश को विकास के पथ पर निरन्तर आगे ले जाने का कार्य कर रही है गरीबों के कल्याण के लिए खजाना खोल दिया गया है उन्होने कहा कि अब पात्र लाभार्थियों के खाते में योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि सीधे उनके खाते में हस्तान्तरित की जा रही है किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थियों को धनराशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त विकास करना सरकार का संकल्प है। देश के प्रधानमंत्री ने अपने 20 साल के कार्यकाल मुख्यमंत्री के कार्यकाल सहित में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है और इसी राह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी चल रहे हैं। उन्हेने कहा कि कोविड-19 के दौरान देश का कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री ने सभी लोगों को निःशुल्क राशन देने का निर्णय लिया था, जिसके तहत निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश में विकास की तीब्र गंगा बह रही है पात्र हर व्यक्ति के घर तक सौभाग्य योजना के तहत निशुल्क बिजली कनेक्शन पहुंचाया गया है। गरीबों को आवास एवं शौचालय सहित अन्य विकास परक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जो भी पात्र लाभार्थी छूट गए हैं, उन्हें भी शीघ्र योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार न तो गरीबों को भूली है और न ही किसानों को, न ही नौजवानों को, न ही माताओं एवं बुजुर्गों को, सभी का ध्यान रखकर, उनके कल्याण के लिए अनेक योजनायें संचालित कर लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट देने का निर्णय लिया गया है। जनपद को विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य निरंतर चल रहा है। जनपद में अनेक सड़कों एवं पुलों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करने हेतु अनेक विकास कार्य को प्रारम्भ किया गया है। आगामी दिनों में और भी अनेक विकास कार्य प्रारम्भ किया जायेगा उन्होने कहा कि मंझनपुर में निमार्णाधीन बस डिपो को शीघ्र ही शुरू कर दिया जायेगा तथा कादीपुर में बन रहे मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार गुंडागर्दी एवं अपराध का युग समाप्त हो गया है, अब सिर्फ विकास का युग शुरू हुआ है। कार्यक्रम को सांसद विनोद सोनकर विधायकगण शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल लाल बहादुर एवं संजय गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जिला अस्पताल में स्थापित तीनों ऑक्सीजन प्लांटों का पूजन कर फीता काटकर लोकार्पण किया। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लोकार्पण होने से जनपदवासियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी।

सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास

800 की क्षमता का ऑडिटोरियम एवं हेलीपैड बनाए जाने हेतु अधिकारियों को दिए गये निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने रुपये 2032.20 लाख धनराशि की लागत से नवनिर्मित मां शीतला देवी अतिथि गृह का किया उद्घाटन

कौशाम्बी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने सयारा, सिराथू में रुपये 2032.20 लाख धनराशि की लागत से नवनिर्मित मां शीतला देवी अतिथि गृह का पूजन कर फीता काटकर उद्घाटन किया तथा अतिथि गृह का निरीक्षण किया। इस अतिथि गृह में वीवीआइपी कक्ष एक नग, वी0आइ0पी0 कक्ष एक नग, सामान्य सूट 13 नग एवं 50 की क्षमता का मीटिंग हाल एवं फाउण्टेन बनाया गया है उपमुख्यमंत्री ने मां शीतला देवी अतिथि गृह के परिसर में स्थापित 05 महापुरुषों-चक्रवर्ती सम्राट अशोक, तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहब डा0 भीमराव आम्बेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति का अनावरण एवं माल्यार्पण किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 800 की क्षमता का ऑडिटोरियम एवं हेलीपैड बनाए जाने हेतु अधिकारियों को निदेश दिए गये है, यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना है। जनपद के साथ ही पूरे प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। जनपद अयोध्या से चित्रकूट तक 04 लेन राम वन गमन मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत गंगा एवं यमुना नदी पर 04 लेन का पुल बनाया जायेगा तथा प्रयागराज से कौशाम्बी तक 04 लेन सड़क बनाने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में पर्यटक आयें, इसके दृष्टिगत अनेक विकास कार्य कराया जा रहा है, ताकि यहां के लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में अभी तक 124 करोड़ की परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है तथा 320 करोड़ लागत की परियाजनायें बनकर तैयार होने वाली है शहजादपुर में गंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने कहा कि देश व प्रदेश में विकास की तीब्र गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर आमजन को लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महापुरूषों को सम्मान देने के क्रम में ही अतिथि गृह में मूर्तियां की स्थापना करायी गयी है। उन्होने कहा कि जनपद में रोजगार की बरसात हो इसके लिए उनके द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने सिराथू में नवनिर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का किया उद्घाटन

कौशाम्बी। उपमुख्यमंत्री ने सिराथू में उत्तर माध्यमिक रेलवे के प्रयागराज-कानपुर नवनिर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। इस ओवर ब्रिज का नाम संत मलूकदास रेल उपरिमागी सेतु रखा गया है। इस ओवर ब्रिज के लोकार्पण होने से क्षेत्रवासियों को यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा व्यापारियों को भी व्यापार से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में सुगमता मिलेगी इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज न होने से पूर्व में अनेक दुर्घटनायें होती रहती थी, अब ये दुर्घटनायें नहीं होगी। उन्होने कहा कि क्षेत्रवासियां की मांग पर 182 मी0 लंबा अण्डर पास भी बनाया जायेगा, जिसकी प्रस्तावित लागत 6.50 करोड है। उन्होने कहा कि इस नवनिर्मित ओवरब्रिज का नाम संत मलूकदास के नाम पर रखा गया है। उन्होंने संत मलूकदास की रचनाओं एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में स्थापित ऑक्सीजन प्लाण्ट का भी लोकार्पण किया इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर विधायकगण शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल लाल बहादुर एवं संजय गुप्ता, अध्यक्षा जिला पंचायत कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

जनपद में स्थापित ऑक्सीजन प्लान्ट्स की स्थिति एक दृष्टि में

कौशाम्बी। में कुल 06 आक्सीजन प्लांट लगाये गये हैं, जिनमें जिला अस्पताल संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में 02 ऑक्सीजन प्लांट पीएमकेयर फण्ड से प्राप्त है, जिनकी क्षमता 1000-1000 एलपीएम है। जिला अस्पताल में ही एक ऑक्सीजन प्लांट ऑयल इण्डिया के सौजन्य से सीएसआर के अन्तर्गत 500 एलपीएम का स्थापित है। इस प्रकार संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर की कुल क्षमता 2500 एलपीएम की है। संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के मुख्य भवन में 173 बेड तथा मैटर्निटी एमसीएच विंग में 116 बेड सीधे ऑक्सीजन प्लांट से जुड़े है। इसी में 40 बेड विशेष पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए तथा 10 बेड पीआईसीयू भी स्थापित है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर में गन्ना विभाग एवं रेडिको खेतान के सौजन्य से सीएसआर के अन्तर्गत 500 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट स्थिपत है, जिसके माध्यम से 50 बेड ऑक्सीजन सुविधा से सीधे आच्छादित है। इनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए विशेष रूप से रखे गये है। सीएचसी सिराथू में आईआईटी कानपुर के सौजन्य से 500 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट स्थिपत किया गया है, जिसमें 50 बेडों पर सीधे ऑक्सीजन सप्लाई की सुवधि दी गयी है। इनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए विशेष रूप से रखे गये है। सी0एच0सी0 कड़ा में आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के सौजन्य से 500 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लान्ट स्थापित किया गया है, जिसमें 50 बेडों में सीधे ऑक्सीजन सप्लाई की जाती है। इनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए विशेष रूप से रखे गये है इनके अतिरिक्त सीएचसी सरांय अकिल में 30 बेड ऑक्सीजन पाइप लाइन से जुड़े है, जिनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए स्थापित हैं। सीएचसी कनैली में भी 30 बेड ऑक्सीजन पाइप लाइन से जुड़े है, जिनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए स्थापित हैं। इसी प्रकार सीएचसी आलमचन्द्र में भी 30 बेड ऑक्सीजन पाइप लाइन से जुड़े है, जिनमें से 12 बेड पैडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी के लिए स्थापित हैं। इन सबके अतिरिक्त जनपदम में बी0टाइप के 274 ऑक्सीजन सिलेण्डर्स तथा ए0टाइप के 124 जम्बो ऑक्सीजन सिलेण्डर्स उपलब्ध है। इसी प्रकार जनपद में 96 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स 05 लीटर तथा 16 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स 10 ली0 के उपलब्ध है।

नवरात्रि के प्रथम दिन भरवारी कस्बे के रेलवे फाटक पर लगे जाम से घंटों परेशान रही आम जनता

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। भरवारी नगर पालिका परिषद के भरवारी रेलवे क्रासिंग पर गुरुवार के दिन भीषण जाम लग गया जिससे रेलवे को भी आउटर पर ट्रेनें रोकनी पड़ी वही जाम के चलते नगरवासी भी घंटों परेशान रहें गंगा स्नान करने जाने वालों भक्तो को गुरुवार नव दुर्गा के प्रथम दिन बिकराल जाम में फसना पड़ा जिससे जाम के चलते रेल गाड़ियों के संचालन में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस जाम की वजह से रेलवे याता यात पुलिस की तमाम दावों की कलई खुल कर रह गयी है रेलवे फाटक पर आए दिन जाम लगने के चलते लोगो मे जबरदस्त आक्रोश है वही लोगो ने रेल प्रशासन व याता यात पुलिस के जवान जो कि ड्यूटी के समय दुकानों में बैठकर चाय पान की चुस्की में अपने आपको ब्यस्त रखते है फाटक पर जाम की समस्या से निजात देने के लिए सिपाही होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन सिपाही और होमगार्ड जनता की परेशानियों को नजर अंदाज किया करते है जो अपने आप मे जांच का विषय है। जनपद कौशाम्बी का मुख्य बाजार कहा जाने वाला भरवारी कस्बा आए दिन जाम के झाम से जूझता है जाम की समस्या का स्थाई हल प्रशासन नहीं निकाल पा रहा है आम जनता को जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए होमगार्ड सिपाहियों की ड्यूटी लगी है उसके बाद भी याता यात सिपाही भीड़ को समय समय पर नियंत्रित नही करते जिसकी वजह से लोग धूप में जाम के झाम में फसते नजर आते है वही रेलवे पुलिस भी भीड़ को नियन्त्रित करने में अपने आपको बौनी साबित महशूस कर रही है ऐसे में स्थानीय लोगो ने उच्च अधिकारियों से भरवारी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है।

ईट-पत्थर से कुच कर युवक की हत्या

कोखराज थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल के पीछे खेत में पड़ी मिली युवक की रक्त रंजित लाश

अखंड भारत संदेश

घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पूर्व गांव में एक युवक की ईंट पत्थर से कूच कूच कर हत्या कर लाश को गांव के बाहर सरकारी स्कूल के बगल के खेत में फेक दिया गया है सुबह जब खेत की ओर ग्रामीण जा रहे थे तो युवक की रक्तरंजित लाश खेत मे पड़ी देखा मामले की सूचना जंगल में आग की तरह पूरे गांव में फैल गयी घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई युवक की लाश की पहचान गांव के अरबाज पुत्र इरफान के रूप में हुई है घटनास्थल पर ताश के पत्ते बिखरे मिले हैं मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और चौकी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई है युवक की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की हत्या का कारण रहस्य बना हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत कशिया पूर्व गांव निवासी अरबाज उम्र 19 वर्ष लागभग पुत्र इरफान अहमद गुरुवार की शाम 4:00 बजे घर से बाहर निकले थे लेकिन देर रात तक वह वापस घर नहीं लौटे परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की लेकिन अरबाज का कहीं पता नहीं चल सका शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा कि सरकारी स्कूल के बगल में आरा मशीन वा लकड़ी टाल के पीछे खेत में अरबाज की रक्तरंजित लाश पड़ी है ग्रामीणों ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिजनो के साथ ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना मिलते ही कोखराज थानेदार मूरतगंज चौकी इंचार्ज भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया युवक की हत्या क्यों की गई है यह रहस्य बरकरार है।

जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी व एसओजी पहुंची घटनास्थल

इमामगंज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पूर्व गांव में अरबाज की हत्या की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी और एसओजी दल बल के साथ पहुंचे हैं और हत्याकांड की बारीकी से जांच कर हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। बताते चलें कि कशिया पूरब गांव निवासी अरबाज पुत्र इरफान अहमद गुरुवार को घर से निकलने के बाद गायब हो गया था शुक्रवार की सुबह खेत में उसकी लाश मिली है। कोखराज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी एसओजी पुलिस कोखराज थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में लगी है।

पूर्व के कई हत्याओं का नहीं हो सका खुलासा

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में कई हत्या की घटनाओं का खुलासा पुलिस वर्षों बीत जाने के बाद भी नहीं कर सकी है जिससे अपराधियों के मनोबल बढ़े हैं और आए दिन किसी न किसी की हत्या कर लाश फेक दी जाती है कोखराज थाना क्षेत्र के रोही रेलवे पुल के नीचे प्रेमी युगल की हत्या कर लाश रेल लाइन पर फेंक दी गई थी आशंका जताई जा रही थी कि प्रेमी युगल पड़ोसी गांव के हैं लेकिन तत्कालीन पुलिस ने मामले में लीपापोती कर दी वर्षो बीत जाने के बाद भी प्रेमी युगल की हत्या का खुलासा नहीं हो सका है इसी थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव में बड़ी बेरहमी से चिकित्सक की हत्या कर दी गई थी 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा पुलिस नहीं जा सकी है।

राज बन कर रह गई भैया लाल की हत्या

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के शिवपुरा अहिरारा गांव निवासी भैया लाल पुत्र रंपत की हत्या कर दी गई थी भैयालाल की लाश ईट भट्ठे के पास 17 नवंबर 2020 को मिली थी वर्षों बीत जाने के बाद भी कोखराज थाना पुलिस भैया लाल की हत्या का खुलासा नहीं कर सकी है इलाके में हत्याकांड के खुलासे में पुलिस गंभीर नहीं है जांच के नाम पर निदोर्षों को पकड़ कर उनसे धना दोहन करना पुलिस का खेल रह गया है

सम्पादकीय

सौ साल की मेहनत

हालांकि इससे बचाव के उपाय भी कम नहीं किए जाते। 2019 में ही मलेरिया नियंत्रण व उन्मूलन पर तीन अरब डॉलर खर्च किए गए। मगर इसके बावजूद इन देशों में मलेरिया का आतंक कायम है। निश्चित रूप से उन इलाकों के लोगों के लिए यह टीका वरदान बनकर आया है। फिर भी सारी उम्मीदें इसी पर टिका देना समझदारी नहीं होगी। एक बेड पर तीन-तीन बच्चे, परिजनों के लिए बैठने तक की जगह नहीं, ग्वालियर में बिगड़े हालात बीमारियों के खिलाफ चलने वाले मनुष्यता के सतत संघर्ष में एक अहम पड़ाव बुधवार को तब आया, जब डब्लूएचओ ने मलेरिया के टीके आरटीएसएस को अपनी मान्यता दे दी। वैसे तो भांति-भांति के विषाणुओं और जीवाणुओं पर काम करने वाले कई टीके पहले से मौजूद हैं, लेकिन यह पहला मौका है जब डब्लूएचओ ने ह्यूमन पैरासाइट के खिलाफ किसी टीके के व्यापक उपयोग की सिफारिश की है। इसकी वैज्ञानिक अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि रिसर्चर्स पिछले सौ साल से इस बीमारी का प्रभावी टीका बनाने की कोशिश में लगे थे।

मलेरिया से हमारा वास्ता लंबे समय से पड़ता रहा है और तमाम उपायों की बदौलत आज भले यह अपने खौफनाक रूप में नजर न आता हो, लेकिन एक समय था, खासकर 50 का दशक जब भारत में भी सालाना मलेरिया के सात करोड़ से ज्यादा मामले सामने आते थे और आठ लाख तक मौतें दर्ज की जाती थीं। अब भारत में उतना बुरा हाल नहीं है लेकिन दुनिया भर में अब भी इससे हर साल करीब चार लाख मौतें होती हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव अफ्रीकी देशों में है। वहां पांच साल से कम उम्र के बच्चे इसका सबसे ज्यादा शिकार बनते हैं। हालांकि इससे बचाव के उपाय भी कम नहीं किए जाते। 2019 में ही मलेरिया नियंत्रण व उन्मूलन पर तीन अरब डॉलर खर्च किए गए। मगर इसके बावजूद इन देशों में मलेरिया का आतंक कायम है। निश्चित रूप से उन इलाकों के लोगों के लिए यह टीका वरदान बनकर आया है। फिर भी सारी उम्मीदें इसी पर टिका देना समझदारी नहीं होगी। वैसे पायलट प्रोग्राम के दौरान इसके नतीजे उत्साहवर्धक रहे हैं, लेकिन फिर भी इसकी अपनी सीमाएं हैं। पहली बात तो यह समझने की है कि मलेरिया पैरासाइट के सौ से अधिक प्रकार हैं। आरटीएसएस टीका इनमें से एक प्लाज्मोडियम फाल्सिपैरम पर ही कारगर है, हालांकि यही सबसे खतरनाक माना जाता है और अफ्रीकी देशों में सबसे ज्यादा प्रकोप भी इसी का होता है। दूसरी बात यह कि इस वैक्सीन के प्रभावी होने के लिए हर बच्चे को इसका चार डोज देना जरूरी होगा। इनमें से पहले तीन डोज क्रमशः पांच, छह और सात महीने की उम्र में तो चौथा डोज 18वें महीने में देने की जरूरत होगी। दूरदराज के इलाकों में बच्चों को समय से चारों डोज लगाना व्यवहार में आसान नहीं होगा। वैसे, अच्छी योजना बनाकर इस मुश्किल का हल निकाला जा सकता है। मलेरिया की नई दवाओं को लेकर भी हाल कोई अच्छा नहीं रहा। इस तरह के आरोप लगे कि दवा कंपनियों को खासतौर पर गरीब मुल्कों की इस बीमारी में बड़ा मुनाफा नहीं दिखा, इसलिए उन्होंने मलेरिया की नई दवाएं नहीं बनाईं। जिस तरह से बच्चों की खातिर यह टीका आया है, कुछ वैसी ही पहल इस बीमारी की नई दवा बनाने को लेकर भी होना चाहिए।

पैंडोरा पेपर्स से जुड़े नाम सामने लाए जाएं

वेद प्रताप वैदिक

अब से 5-6 साल पहले 'पनामा पेपर्स' ने सारी दुनिया में तहलका मचा दिया था, अब उससे भी बड़ा भंडाफोड़ हुआ है- 'पैंडोरा पेपर्स'। 'पनामा पेपर्स' से तो पनामा नामक देश की वजह से जाने गए, लेकिन 'पैंडोरा पेपर्स' तो पैंडोरा नामक मिथकीय यूनानी महिला पैंडोरा के नाम से जाने जा रहे हैं। यूनानी देवता प्रोमिथियस ने पैंडोरा नामक परम सुंदरी को एक ऐसा बक्सा भेंट किया था, जिसमें दुनिया की सारी बुराइयां छिपा रखी थीं। विदेश में दुनिया के अमीरों ने जो मिल्कियत छुपा रखी है, उसकी जानकारी एक खोजी पत्रकार संगठन लेकर आया है। जिन दस्तावेजों की जानकारी इस संगठन ने सार्वजनिक की है, उसे ही 'पैंडोरा पेपर्स' कहा जा रहा है।

इस खोजी पत्रकार संगठन ने 14 कंपनियों के लगभग सवा करोड़ दस्तावेजों की जांच करके 2900 बैंक-खातों को पकड़ा है। इन खातों में गरीब और अमीर देशों के सैकड़ों लोगों ने 130 बिलियन डॉलर जमा कर रखे हैं। जमा करने वाले ये लोग कौन हैं? इनमें कई देशों के बादशाह, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता और उद्योगपति तो हैं ही, उनके साथ कई आतंकवादी, तस्कर, फौजी, सरकारी अधिकारी, फिल्मी और खिलाड़ी लोग भी शामिल हैं। अगर भारत के 380 खाते पकड़े गए हैं तो पाकिस्तान के 700 से भी ज्यादा खाते विदेशी बैंकों में पकड़े गए हैं। ये खाते अपने-अपने देशों में नहीं हैं। विदेशों में हैं। कुछ अपने नाम से हैं। कुछ फर्जी नाम से हैं और कुछ न्यासों (ट्रस्टों) और कंपनियों के नामों से हैं। अधिकतर खाते ऐसे छोटे-मोटे देशों में हैं, जिनके नाम भी आपने कभी नहीं सुने होंगे। जैसे बहामा, सेंट किट्स, सेंट बार्थालेमी, वनातूआ, वर्जिन आइलैंड, नौरू, बरमूडा आदि। इन देशों में लोग अपना धन इसलिए छिपाते हैं कि एक तो उन्हें वहां आयकर नहीं देना पड़ता और दूसरा कारण यह है कि उनकी गोपनीयता बनी रहती है। किसी को पता ही नहीं चलता कि किसका पैसा कहां छिपा हुआ है। उद्योगपति और व्यापारी तो सिर्फ टैक्स बचाने के लिए अपना पैसा इन देशों में छिपाते हैं लेकिन नेता, अफसर, तस्कर, आतंकवादी और अपराधी अपना अनैतिक और अवैधानिक तरीकों से अर्जित धन वहां छिपाते हैं। इसीलिए जब कुछ भारतीय अखबारों में कुछ उद्योगपतियों और खिलाड़ियों के नाम उजागर हुए, तो उन्होंने सफाई पेश करनी शुरू कर दी। जो उद्योगपति खुद को दिवालिया घोषित कर चुके हैं, उनके भी वहां करोड़ों-अरबों रुपये पाए गए हैं।बीजेपी सरकार ने इस तरह के खाताधारियों के विरुद्ध 2015 में कड़े कानून बनाए थे। लेकिन क्या वजह है कि अभी तक न तो पनामा पेपर्स के दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न अभी तक 'पैंडोरा पेपर्स' के नामों को उजागर किया गया है। जो कुछ नाम एक भारतीय अंग्रेजी अखबार ने उजागर किए हैं, उनमें भी न नेताओं के नाम हैं, न आतंकवादियों के और न ही अफसरों के। जिसका भी खाता इन विदेशी बैंकों में हो, उसका नाम बताने में संकोच की जरूरत क्या है? सांच को आंच कैसी? जरा मालूम तो पड़े कि भारतीयों के 20 हजार करोड़ डॉलर वहां जमा हैं तो किसके कितने हैं?

जरा गौर करें कि पाकिस्तान के दर्जनों नेताओं, मंत्रियों, फौजियों, अफसरों और दलालों के नाम उजागर हो चुके हैं, लेकिन भारतीयों के नाम पता नहीं चल रहे। इसका कारण यह भी हो सकता है कि अगर नेताओं और अफसरों के नाम उजागर हो गए तो शायद किसी भी पार्टी की कमीज सफेद न पाई जाए। पूरे कुएं में ही भांग पड़ी हुई है। बोफोर्स के लेन-देन में चाहे असली लोग बच गए, लेकिन लोगों को पता चल गया कि राजनीति लंबे-चौड़े लेन-देन के बिना चल ही नहीं सकती। पैंडोरा पेपर्स कांड में सामने आए पाकिस्तानी नामों से यह तर्क अपने आप सिद्ध हो जाता है। विदेशी बैंकों में यह पैसा नेता और अफसर लोग इसलिए छिपाते हैं कि इसका पता किसी को भी नहीं चले। यदि यह पैसा उसी तरह भारत में भी छिपाकर रख सकते हों तो शायद टैक्स भरने में भी उन्हें कोई एतराज न हो, क्योंकि उनके सैकड़ों विश्वसनीय अनुयायियों के नाम से वे खाते खोलकर टैक्स बचा सकते हैं, लेकिन वे अपने साथियों को भी इस गुप्त धनराशि का सुराग नहीं लगने देना चाहते। लेकिन व्यापारियों और उद्योपतियों को यदि आयकर भरने का डर न हो तो उन्हें अपनी कमाई छिपाने का कोई कारण नहीं है। दुनिया के 23 देश ऐसे हैं, जिनमें आयकर नाम की कोई चीज ही नहीं है। लेकिन अधिकतर वे सभी छोटे-छोटे देश हैं। उनके सरकारी खर्च भी कम हैं, मगर भारत-जैसे बड़ी जनसंख्या वाले और विशाल देश की सरकार यथेष्ट आमदनी के बिना कैसे चल सकती है? अपनी यथेष्ट आमदनी की खातिर ही इंदिरा-राज में आयकर की दर लगभग गलाघोंटू बन गई थीं। अब भी सरकार को आयकर से हर साल लगभग 11-12 लाख करोड़ रुपये मिलते हैं। यदि सब लोग अपना आयकर ईमानदारी से भरें तो सरकार की आमदनी डेढ़ी-दुगुनी हो सकती है। आयकर नहीं भरने या बचाने की इच्छा ही काले धन की जननी है। इस काले धन को खत्म करने के लिए ही मोदी सरकार ने नोटबंदी का जबर्दस्त कदम उठाया था, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। नोटबंदी का विचार जिन लोगों ने चलाया था, उनकी सारी शर्तें सरकार लागू कर देती तो शायद कालेधन पर लगाम लग सकती थी। लेकिन अब काला धन रखना ज्यादा आसान हो गया है। एक हजार का नोट खत्म किया, लेकिन सरकार ने उसकी जगह दो हजार का नोट चला दिया। नोट बदलवाने की लाइनों में खड़े सैकड़ों लोगों ने दम तोड़ दिया। नए नोट छापने में हजारों करोड़ रुपये नए सिरे से खर्च हो गए। यदि सरकार 100 रुपये को डॉलर की तरह सबसे बड़ा नोट बनाए, बैंकिंग को बढ़ावा दे और बैंक के लेन-देन पर नाम मात्र का टैक्स लगाए तो उसके पास आयकर से भी बड़ा पैसा जमा हो सकता है। इसके अलावा आयकर से ज्यादा वह जायकर (खर्च पर टैक्स) पर जोर दे तो सरकारी खजाना भर जाएगा। मालदार और मध्यमवर्गीय लोग फिजूलखर्ची कम करेंगे और उससे भारी बचत होगी। बचत का यह पैसा उद्योग-धंधों में लगेगा और करोड़ों नए रोजगार पैदा होंगे। लोग अपने धन को छिपाने से बाज आएंगे। जब धन काला नहीं होगा तो उसे वे छिपाएंगे क्यों? विदेशी बैंकों में पैसा छिपाने की कोशिश अपने आप अनावश्यक हो जाएगी और भारत का भद्रलोक उपभोक्तावाद की चक्की में पिसने से भी बचेगा।

गाड़ी का कांच फूटा भी था तो क्या कुचल दोगे भइया?

अनुराग मिश्र

लखीमपुर खीरी का वह दिल दहला देने वाला हत्याकांड किसी के भी रोंगटे खड़े कर सकता है। एक के बाद एक वीडियो आ रहे हैं। तस्वीरें विचलित करती हैं। हो सकता है पहली नजर में आप आंखें सिकोड़ कर भौंहों के अंदर दबा लें। मंजर ही कुछ ऐसा दिखता है। 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जैसा बताया जा रहा है उसके मुताबिक 4 किसानों को गाड़ी से कुचला गया और बाद में 4 लोगों की पीटकर हत्या कर दी गई। पर अपने देश और प्रदेश की विडंबना देखिए वीडियो में लाइव प्रूफ है कि गुस्से में दांत पीसते हुए ड्राइवर पैदल चल रहे किसानों पर थार गाड़ी दौड़ा देता है, पर साफ-साफ कोई कह नहीं रहा कि यह जानबूझकर की गई हत्या हो सकती है। कुत्ता भी टू व्हीलर के नीचे आ जाए तो शरीर में कंपकंपी दौड़ जाती है और झट से ब्रेक पर पांव चला जाता है। ट्विटर पर जाकर फिर से वीडियो देखिए क्या दनदनाते हुई आई दोनों गाड़ियों के ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की कोशिश की थी? हूटर बजाने का अधिकार कैसे मिल गया, इस पर तो कोई सवाल कर ही नहीं रहा। जांच का विषय है, दूसरा ऐंगल आपको पता है क्या? ये सब कांग्रेस की चाल है? मंत्रीजी के खिलाफ साजिश है? ऐसे पता नहीं कितने तर्क और जवाब आपको सोशल मीडिया पर मिल जाएंगे। हो सकता है इसमें किसानों की साजिश हो, खालिस्तान का हाथ हो, पाकिस्तान से फंडिंग हो वगैरह वगैरहष्ठइस पर जांच चल रही है और होनी चाहिए, लेकिन कम से कम जो सच दिख रहा है उसे हम सच क्यों नहीं कह पा रहे। अगर 4 किसानों की कुचलकर हत्या की गई तो कम से कम यह तो बोलिए। हां, इसके बाद की गई भीड़ हिंसा को भी जायज नहीं ठहराया जा सकता लेकिन जिस तरह का प्रूफ फिलहाल हमारी आंखों के सामने है उसमें यह तो साफ है कि किसान शांतिपूर्ण ढंग से चले जा रहे थे और पीछे से हूटर बजाते हुए गाड़ीवाला अपनी सनक में आता है और पता नहीं क्यों किसानों पर अपनी खीझ उतारता है।

तर्क दिया जा रहा है कि आपको दिखाई नहीं दे रहा जीप या थार का कांच टूटा हुआ था। और यह कहकर इस बात को जायज ठहराने की शर्मनाक कोशिश हो रही है कि किसानों पर गाड़ी दौड़ाना गलत नहीं बल्कि परिस्थितिजन्य था, हां मतलब किसानों ने पत्थर मारा तो जान बचाने के लिए गाड़ी के ड्राइवर को किसानों को मौत के घाट उतारना पड़ा। इतना तो 90 के दशक में तहकीकात, ब्योमकेश बख्शी देखने से लेकर जासूसी सीरियल देखने वाली आज की पीढ़ी भी समझ सकती है कि पीछे से आने वाली गाड़ी को भला आगे चल रहे किसानों से कौन सा खतरा पैदा हो सकता है? अगर उसी रास्ते में पीछे भी किसान थे और उन्होंने हमला किया था तो क्या आगे चल रहे निदीष लोगों पर गाड़ी दौड़ाने की छूट मिल जाती है? इस दौरान यह भी हल्के में नहीं लिया जा सकता कि चार और लोगों की जानें गई थीं। जितनी किसानों की जान कीमती थी उतनी ही उन लोगों की जिन्हें बाद में पीट-पीटकर मारा गया। यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। अब जरा पिछले कुछ वर्षों में भीड़ हिंसा यानी मॉब लिंचिंग की घटनाओं को याद कीजिए। गोमांस या बच्चे चुराने की अफवाह में लोगों ने कैसे घेरकर जानें ली हैं। ऐसे में जब अपनी आंखों के सामने कीड़े-मकोड़े की तरह बुजुर्गों-युवाओं पर गाड़ी दौड़ाते लोगों ने देखा होगा तो उनका खून कितना खौल गया होगा और गुस्से का पारा कितना चढ़ गया होगा, यह अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। यहां सच को कोई सच नहीं कह रहा। चूंकि मंत्री जी हैं और एक पार्टी की सरकार है, ऐसे में पार्टी के समर्थक वीडियो देखने के बाद भी तर्क गढ़ रहे हैं। शर्मनाक यह भी है कि मीडिया का एक वर्ग भी तथ्यों को अनदेखा करने की कोशिश कर रहा है। सूत्रों, अटकलों और चर्चाओं पर खबर परोसने वाले मीडिया संस्थान की लोगों ने भी खूब मजम्मत की है। अखबार की हेडिंग लाइव वीडियो को भी शक की निगाह से देखती लगती है। पक्ष या विपक्ष में होने से पहले जरा सोचिए 8 निदीष लोगों की जानें गई हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है। जांच हो रही है। उम्मीद है कि सच सामने आएगा कि किसानों ने पहले पत्थरबाजी और मारपीट की था या गाड़ी पहले दौड़ाई गई। बात-बात पर गांधी, शास्त्री, पटेल का नाम जपने वालों को यह भी समझना चाहिए कि आरोप लगे तो कुर्सी छोड़ना नैतिकता कही जाती है। आरोप झूठे निकलें और आप जांच में बरी हों तो समर्थकों के कंधों पर बैठकर धूमधाम से फिर कुर्सी को सुशोभित कीजिए। आपका कद जनता की नजर में और बढ़ जाएगा पर यहां तो पक्ष में नैरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है। लग रहा है जैसे सच भी सोचकर बोला जाता है।

लेफ्टिनेंट जनरल फई और डब्ल्यू हमीद को आईएसआई चीफ पद से हटाकर इमरान खान ने चली है कौन-सी चाल ?

नीरज कुमार दुबे

इस समय फैज हमीद को पद से हटाये जाने पर तमाम तरह की अटकलें चल रही हैं लेकिन हम आपको बताते हैं कि क्यों हो गयी फैज हमीद की पद से छुट्टी। दरअसल आईएसआई चीफ की कुर्सी पाते ही फैज हमीद अपने आप को सबसे शक्तिशाली समझने लगे थे। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री से ज्यादा महत्वपूर्ण है सेनाध्यक्ष और आईएसआई चीफ का पद। पाकिस्तान में भले दिखाने के लिए लोकतांत्रिक सरकार हो लेकिन देश को वहां के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री नहीं बल्कि सेनाध्यक्ष और आईएसआई के चीफ ही चलाते हैं। अब पाकिस्तान के इन दो महत्वपूर्ण पदों पर कौन बैठता है और हटाया जाता है इस पर सभी की नजरें रहती हैं इसलिए दुनिया तब चौंक गयी जब इस सप्ताह पाकिस्तानी सेना ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को पद से हटाते हुए उनका तबादला कर दिया और उन्हें पेशावर कोर का कमांडर बना दिया। हम आपको बता दें कि फैज हमीद को 16 जून, 2019 को आईएसआई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। उससे पहले उन्होंने आईएसआई में आंतरिक सुरक्षा के प्रमुख के रूप में काम किया था। फैज हमीद को सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा का करीबी माना जाता है इसलिए उन्हें हटाये जाने पर सबको आश्चर्य है।

इस समय फैज हमीद को पद से हटाये जाने पर तमाम तरह की अटकलें चल रही हैं लेकिन हम आपको बताते हैं कि क्यों हो गयी फैज हमीद की पद से छुट्टी। दरअसल आईएसआई चीफ की कुर्सी पाते ही फैज हमीद अपने आप को सबसे शक्तिशाली समझने लगे थे और जिन सेनाध्यक्ष बाजवा ने उन्हें यह कुर्सी दिलाई थी, फैज उनकी ही अनदेखी करने लग गये थे। पिछले महीने जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया तो आईएसआई चीफ के रूप में फैज हमीद काबुल पहुँच गये थे लेकिन इस यात्रा के लिए उन्होंने अपने बॉस कमर जावेद बाजवा से कोई मंजूरी नहीं ली थी। तालिबान की पार्टी में मस्ती करते फैज हमीद की तस्वीरों से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच बड़ी किरकिरी हुई थी। अमेरिका भी इस बात से नाराज था कि पाकिस्तान ने तालिबान की मदद के लिए अपने बड़े अधिकारी को भेज दिया है जो इंटरनेशनल आतंकवादियों से गलबहियां करता दिख रहा है। यही नहीं इस पार्टी के दृश्य देखने के बाद बाइडेन प्रशासन को ऐसा महसूस हुआ था कि पाकिस्तान अफगानिस्तान में अमेरिका की नाकामी का जश्न मना रहा है। इस पार्टी में एक ब्रिटिश पत्रकार भी मौजूद थीं जिन्होंने जश्न मनाते फैज हमीद की कुछ ऐसी तस्वीरें ले ली थीं जिससे अमेरिका पाकिस्तान पर आग बबूला हो गया। यही नहीं जब पत्रकार ने फैज से सवाल पूछा था तो उन्होंने उत्तर में कहा था- 'ऑल इज वेल'। यह जवाब पूरी दुनिया को चौंका गया था क्योंकि काबुल से जिस तरह की तस्वीरें सामने आ रही थीं उससे पूरी दुनिया अफगानियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी और फैज हमीद कह रहे थे कि सब ठीक है। देखा जाये तो फैज हमीद की कुर्सी ऐसे समय गयी है जब अगले साल वह सेनाध्यक्ष बनने वाले थे। इमरान खान भी फैज हमीद से काफी प्रसन्न थे लेकिन जब फैज उड़ने लगे तो उनके पर कतर दिये गये। फैज और बाजवा में मतभेद तब शुरू हुए थे जब रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के एक हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर विवाद हुआ था। इसके अलावा जब इमरान खान ने सेनाध्यक्ष के रूप में बाजवा का कार्यकाल बढ़ा दिया तो फैज हमीद नाराज हो गये थे और कई बार खुलकर उन्होंने यह नाराजगी जाहिर की थी और बाजवा के निर्देशों की अनदेखी करने लगे थे। यहाँ गौर करने लायक बात यह है कि पाकिस्तानी मीडिया की इतनी हिम्मत नहीं हुई कि सेना और आईएसआई के बीच चल रही इस रस्साकशी को रिपोर्ट कर सके। खैर फैज हमीद जो खुद को सर्वेसर्वा समझने लगे थे उनको बाजवा ने कैसे चलता किया यह भी आपको बताते हैं। दरअसल आईएसआई प्रमुख की नियुक्ति और बर्खास्तगी सेनाध्यक्ष की सलाह पर ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री करता है। बताया जा रहा है कि बाजवा तो फैज हमीद की बर्खास्तगी पर अड़े थे लेकिन इमरान खान ने किसी तरह उनके गुस्से को शांत किया और फैज को आईएसआई चीफ पद से बर्खास्त नहीं कर उनका तबादला भर कर दिया। लेकिन इमरान खान इसी के साथ यहां एक राजनीतिक चाल भी चल गये। दरअसल बाजवा के दबाव के चलते एक तो उनका कार्यकाल बढ़ाना पड़ा दूसरा वह सरकार पर और भी तमाम मुद्दों पर दबाव बनाते हैं इसलिए इमरान भी बाजवा की काट ढूँढ़ रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि फैज यह काम कर सकते हैं। इसलिए इमरान खान ने चाल चलते हुए फैज हमीद को भले आईएसआई चीफ पद से हटा दिया है लेकिन उन्हें पेशावर कोर का कमांडर बनाकर भविष्य में उनके लिए बड़ी संभावनाओं के द्वार भी खोल दिये हैं। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में सेनाध्यक्ष बनने के लिए कम से कम एक साल के लिए किसी कोर स्तर की कमान संभालने का अनुभव अनिवार्य है। बहरहाल, देखना होगा कि पाकिस्तान में चल रही इस आंतरिक उठापटक का अगला एपिसोड क्या होता है। इमरान खान अगर बाजवा के साथ इस तरह की चालें चलेंगे तो कहीं बाजवा इमरान की सत्ता ही ना पलट दें जैसे तत्कालीन पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ की सरकार का तख्तापलट कर खुद को राष्ट्रपति घोषित कर दिया था। इसलिए दुनिया को अफगानिस्तान के हालात के साथ-साथ पाकिस्तान में चल रही उठापटक पर भी नजर बनाये रखनी होगी।

कॉमन रूमः सोशल रहना है तो क्या छोड़ना होगा फेसबुक?

राहुल पाण्डेय

दुनिया भर में बहुत सारे लोगों का मानना है कि सोमवार रात फेसबुक अपने इंस्टा और वॉट्सऐप सहित इसलिए गायब हुआ, क्योंकि उसे अपना वह डेटा गायब करना था, जिसकी रिपोर्ट व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हॉगन ने सोमवार को ही अमेरिकी कांग्रेस के सामने रखी थी। फ्रांसेस हॉगन ने फेसबुक से ही उड़ाए डेटा के आधार पर कांग्रेस को बताया कि किस तरह से फेसबुक बच्चों और लोकतंत्र से खिलवाड़ कर रहा है। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक चली तकरीबन सात घंटे के जद्दोजहद के बाद फेसबुक ने खुद को रीस्टोर तो कर लिया, लेकिन उसकी वेबसाइट और ऐप में बुधवार तक समस्याएं आती रहीं। इस तरह की वेबसाइट्स का हिसाब-किताब रखने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर डॉट कॉम पर बुधवार तक यूजर्स कंप्लेन करते रहे। किसी का स्टेटस तीन-तीन बार अपलोड हो जा रहा था तो किसी का कॉमेंट ही गायब हो जा रहा था। खुद मेरी फेसबुक प्रोफाइल पर लोग बुधवार तक इन्हीं समस्याओं से जूझते दिखे। दुनिया भर से डेढ़ करोड़ से भी अधिक लोगों ने इस प्रॉब्लम की कंप्लेन की और सभी यह जानना चाहते हैं कि आखिर ऐसा हुआ क्यों? लेकिन अपनी आदत से लाचार इस बदनाम कंपनी ने अभी तक यह नहीं बताया है कि आखिर हुआ क्या था? उसकी इस गड़बड़ी से उसे तो जो अरबों डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा, वह तो उठाना ही पड़ा, एक वेबसाइट के मुताबिक दुनिया भर को 11 अरब रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा इसलिए, क्योंकि लोग फेसबुक पर सिर्फ बातचीत नहीं करते, धंधा भी करते हैं। मार्क जकरबर्ग 'बड़े' आदमी हैं, और फ्रांसेस हॉगन की मानें तो प्रॉफिट को हम जैसे आम यूजर्स के ऊपर रखते हैं। सो उन्हें तो ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। मगर जो छोटे-छोटे व्यापारी इस साइट से अपना व्यापार करते हैं, उनकी हालत खराब हो गई। क्या मार्क जकरबर्ग उनको हुए नुकसान की भरपाई करेंगे?हालांकि दुनिया भर में फेसबुक के बयानों पर अब कोई आसानी से विश्वास नहीं करता, फिर भी एक समाचार एजेंसी ने कंपनी के कर्मचारियों से बात करके खुलासा किया कि यह वारदात कंपनी की मशीनों में हुई एक गलती की वजह से हुई। एनवाई टाइम्स, द गाजिन्यन और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अखबारों में जिन एक्सपर्ट्स ने अपनी राय दी, उसके मुताबिक यह कंपनी के अंदर की गलती थी। साथ ही यह भी संभावना है कि इसमें कोई अंदर का आदमी शामिल हो सकता है। जिस तरह से अमेरिकी व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हॉगन फेसबुक की हरकतों पर चिंतित हैं, कंपनी में काम करने वाले और लोग भी चिंतित हो सकते हैं। आखिर मामला हमारे बच्चों और लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है। दूसरी तरफ कुछ अमेरिकी वेबसाइट ने सनसनीखेज दावा करते हुए बताया कि यह फेसबुक के अंदर की गलती नहीं थी। इन वेबसाइट्स के मुताबिक यह थॉमस नाम के हैकर का कारनामा था। इनका यह भी दावा था कि यह मामला अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के संज्ञान में है और इस कुख्यात अपराधी थॉमस को पकड़ने की जिम्मेदारी एफबीआई में साइबर क्राइम के अधिकारी जॉन मैकक्लेन को दी गई है। फेसबुक जिस तरह से गायब हुआ, उसके बाद दुनिया में कई तरह की बहसें फिर से तेज हो चुकी हैं। पहली तो यही कि क्या ऐसी चीज को, जिससे दुनिया की एक बहुत बड़ी आबादी जुड़ी हुई है, महज एक कंपनी के नियंत्रण में बने रहने देना ठीक होगा? सोशल मीडिया पर अपनी मोनोपोली बनाने के लिए कई गलत और गैरकानूनी काम करने के आरोप फेसबुक पर पहले भी लग चुके हैं। सोमवार को हुई वारदात में पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे यह मोनोपोली एक आम आदमी को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी बात यह चल रही है कि सात घंटे के आउटेज का फायदा दूसरों को भी उठाना चाहिए। कई कंपनियों ने इस वारदात का खूब फायदा उठाया। ट्विटर लगभग ओवरलोड ही हो गया, तो सिगन्ल ऐप ने 70 मिलियन नए यूजर्स जोड़े। ऐसे में अगर यह मानते हों कि जिस तरफ दुनिया जा रही है, उसी तरफ जाने में समझदारी है तो फेसबुक के सभी प्रॉडक्ट्स पर पूरी तरह निर्भर रहने की आदत लोगों को छोड़नी होगी।

जिस साड़ी को हम ठुकरा रहे हैं आज दुनिया के कई देश उसे अपना रहे हैं

अशोक मधुप

आज समय बदल रहा है। जींस पैंट शर्ट, पंजाबी सलवार-सूट ज्यादा पहने जाने लगे। साड़ी को पहनने की परेशानी से बचने के लिए महिलाओं और युवतियों ने टॉप-जीन्स, सलवार-सूट स्वीकार कर लिया। भारतीय महिलाओं का सबसे पसंदीदा परिधान साड़ी अब समारोह में पहनी जाने लगी। हाल ही में दिल्ली के एक रेस्टोरेंट में एक महिला को इसलिए प्रवेश नहीं दिया गया कि वह साड़ी पहने थी। समाचार आया। बड़ा अजीब-सा लगा। भारत में महिलाओं की वेशभूषा में सदियों से साड़ी स्वीकार्य है। महिलाएं साड़ी पहनती रही हैं। साड़ी का पहनावा भारतीय है। हालांकि क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग भी पहनावे रहे पर साड़ी भारतीयों की महिलाओं की पहचान मानी गई। साड़ी पहने महिला को रेस्टोरेंट में न जाने देना अजीब-सा लगा। लगा कि आधुनिकता में हम इतने रम गए कि हम अपना पहनावा, रहन सहन, वेशभूषा ही भूल गए। आज समय बदल रहा है। जींस पैंट शर्ट, पंजाबी सलवार-सूट ज्यादा पहने जाने लगे। साड़ी को पहनने की परेशानी से बचने के लिए महिलाओं और युवतियों ने टॉप-जीन्स, सलवार-सूट स्वीकार कर लिया। भारतीय महिलाओं का सबसे पसंदीदा परिधान साड़ी अब समारोह में पहनी जाने लगी। साड़ी अब किसी समारोह या विवाह आदि में ही पहने जाने वाले परिधान में आ गई। हालांकि भारतीय महिलाओं को आज भी सबसे ज्यादा पसंद साड़ी ही है।

लगभग सात साल पहले श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रतिनिधिमंडल में मुझे श्रीलंका जाने का अवसर मिला। सात दिन का प्रवास था। एक बड़े मॉल में हम खरीदारी करने के लिये गए। मॉल में लगभग सभी अटेंडेंट महिलाएं थीं। उनमें एक-दो को छोड़ सब साड़ी पहने थीं। कुछ अजीब-सा लगा। भारत, जहां महिलाओं का पहनावा साड़ी है, वहां की युवतियां अब साड़ी नहीं पहनतीं। यहां शान के साथ युवतियां साड़ी पहने ड्यूटी कर रहीं हैं। श्रीलंका की संसद में हमारे लिए भोजन की व्यवस्था थी। भोजन के बाद संसद का भ्रमण भी कार्यक्रम में शामिल था। मैं देखकर आश्चर्यचकित था कि वहां कार्य करने वाली सभी युवतियां और महिलाएं साड़ी पहने हुए थीं। ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका में नहीं भारत में खड़ा हूं। हमारी गाईड भी साड़ी पहने थी। हम कोलंबो के एक पार्क में जाते हैं। यहां एक नवयुगल फोटो शूट करा रहा है। युवती बहुत खूबसूरत रंगबिरंगी साड़ी पहने हुए है। श्रीलंका में घूमने के दौरान काफी तादाद में महिलाएं साड़ी पहने मिलीं। साड़ी श्रीलंका स्टाइल में अलग होती है। भारतीय से अलग श्रीलंकन साड़ी पहनती हैं। ये नीचे से लहंगा टाइप होती है। ऊपर से उसे साड़ी की तरह बांधती हैं। श्रीलंका की हमारी पत्रकार साथी सुभाषिनी डी सिल्वा ने बताया कि साड़ी श्रीलंका महिलाओं की नेशनल ड्रेस है। कई सरकारी और प्राइवेट कार्यालयों में भी महिलाओं के लिए साड़ी पहनकर ऑफिस आने के आदेश हैं। महिलाएं के लिये साड़ी पहनना गौरव की बात मानी जाती है। हमारे यहां साड़ी पहनने का प्रचलन कम होता जा रहा है, जबकि दूसरे देश वाले इसे स्वीकार कर रहे हैं। 2012 में मैं नेपाल के होटल ड्रेगन में रुका था। ये एक चाइनीज होटल है। एक दिन सवेरे नाश्ते के दौरान मैंने और मेरी पतनी ने दो चीन की लड़कियों को सफेद साड़ी पहने देखा।



भारतीय महिला स्पिनर पूनम यादव डब्लूबीबीएल की टीम ब्रिस्बेन हीट से जुड़ीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर पूनम यादव ने आगामी सत्र के लिए ब्रिस्बेन हीट से अनुबंध किया है और इस तरह से वह महिला बिग बैश लीग डब्लूयूबीबीएल से जुड़ने वाली आठवीं भारतीय क्रिकेटर बन गई हैं। भारत की 30 वर्षीय लेग स्पिनर ब्रिस्बेन की टीम में न्यूजीलैंड की एमिलिया केर की जगह लेगी। केर ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कारणों से पिछले महीने बिग बैश से हटने का फैसला किया था। पूनम अभी भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे की सीरीज के दो मैचों में खेली थीए लेकिन उन्हें डेकृनाइट टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। वह आगामी सत्र के लिए डब्लूयूबीबीएल टीम से जुड़ने वाली आठवीं भारतीय खिलाड़ी हैं। भारत की जो अन्य खिलाड़ी इस टी20 लीग में खेलेंगी उनमें शेफाली वर्माए राधा यादव ;दोनों सिक्सर्सद्धए स्मृति मंधानाए दीप्ति शर्मा ;दोनों थंडरद्धए ऋचा घोष ;हरिकेन्सद्धए जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर, दोनों रेनेगेड शामिल हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड ने घोषित किया फाइनल स्क्वॉड, बैरी मैकार्थी को नहीं मिली टीम में जगह

नई दिल्ली (एजेंसी)। 17 अक्टूबर से शुरू हो रहे टी.20 विश्व कप के लिए आयरलैंड ने अपने फाइनल स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। बैरी मैकार्थीए शेन गेटकेट और ग्राहम कैनेडी वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। 15 सदस्यीय टीम की कमान एंड्रयू बालबर्नी के हाथों में सौंपी गई है। मैकार्थीए गेटकेट और कैनेडी को पहले चुनी गई 18 खिलाडि़यों की टीम में शामिल किया गया था। हालांकिए यह तीनों ही प्लेयर रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ यूएई जाएंगे।

नेशनल मेंस सिलेक्शन कमिटी के अध्यक्ष एंड्रयू व्हाइट ने चयनित टीम को लेकर कहाए श्टीम को 18 से घटाकर 15 करना एक बहुत ही मुश्किल निणर्य होने वाला था। दुबई में इस समय हर खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा साबित की है और वह अपने मौके का हकदार है। जो तीन खिलाड़ी जगह बनाने से चूक गए हैंए वे अभी भी मूल टीम के समर्थन में भूमिका निभाएंगे और किसी खिलाड़ी के चोटिल या बीमार होने की स्थिति के मद्देनजर उन्हें टीम के बायो.बबल के अंदर बने रहना होगा। सिलेक्टर्स के निणर्य लेने का एक हिस्सा अबु धाबी और शारजाह दोनों की स्थितियों के आसपास थाए लेकिन हमने मुख्य कोच ग्राहम फोर्ड के ऑन फील्ड आकलन में भी ध्यान दिया कि उनके मुताबिक मैच जीतने के लिए खिलाड़ियों का सबसे प्रभावी संयोजन क्या है। हमें विश्वास है कि टीम में सिलेक्ट हुए खिलाड़ी

में हमें टूर्नामेंट के अगले दौर में ले जाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प हैए लेकिन आखिर में बात सारी एक साथ प्रदर्शन करने की होगी और हमारे खिलाड़ी इसके योग्य हैं। हम आगे की चुनौती के लिए फोर्ड और सभी प्लेयर्स को शुभकामनाएं देते हैं और हमें यकीन है कि वे आयरिश क्रिकेट को गौरवान्वित करेंगे।श

आयरलैंड टी.20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान का आगाज 12 अक्टूबर को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के साथ करेगी। दो प्रैक्टिस मैचों के बाद आयरलैंड टूर्नामेंट के पहले दौर में 18 अक्टूबर को नीदरलैंड से भिड़ेगा। इसके बाद उसके क्रमशरू 20 और 22 अक्टूबर को श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ मैच होंगे।ग्रुप की टॉप दो टीमें सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम रू एंड्रयू बालबर्नी,कप्तान, मार्क अडायर, कर्टिस कैंफरए गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, जोश लिटिल, एंड्रयू मैकब्राइन, केविन ओश्ब्रायन, नील रॉक, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकरए बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

इण्लैण्ड ने 2021-22 मेंस प्लेयर्स के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ;ईसीबीद्ध ने 2021.22 सीजन के लिए इंग्लैंड मेंस इंटरनेशनल क्रिकेटरों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट की घोषणा की हैए जिसमें इस बार 20 खिलाडि़यों को शामिल किया गया है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले जारी इस लिस्ट

से खिलाडि़यों का मनोबल बढ़ सकता है। 2021.22 के लिए मेंस प्लेयर्स के लिए जारी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में इस बार तीन खिलाडि़यों को पहली बार शामिल किया गया है। कॉन्ट्रैक्ट अवॉर्ड पैनलए मेन्स इंग्लैंड क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर एशले जाइल्स और हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने इंक्रीमेंट कॉन्ट्रैक्ट में चार खिलाडि़यों को और इंग्लैंड पेस बॉलिंग डेवलपमेंट में तीन को जगह दी है। इसमें 12 महीनों तक इंग्लैंड की टीमों में सभी फॉर्मेट में शामिल होने वाले खिलाडि़यों के प्रदर्शन पर गौर किया जाएगा और साथ ही पिछले साल के प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। जिन 20 खिलाडि़यों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया हैए उनमें जैक लीचए डेविड मलान और ओली रोबिन्सन को पहली बार इस लिस्ट में प्रमोट किया गया है। इसके अलावा लियाम लिविंगस्टन को पहली बार इंक्रीमेंट कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी गई है। ईसीबी ने पेस डेवपलमेंट में तीन खिलाडि़यों को रखा हैए इसमें शाकिब महमूद क्रैग ओवर्टन और ओली स्टोन शामिल हैं।

आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी पर भड़के सुनील गावस्क, कहा- 16 करोड़ लेकर भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल की पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के लिए एक और सीजन बुरा साबित हुआ। लगातार तीन हार के बाद राजस्थान की टीम आईपीएल 20021 के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। टीम को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी थीए लेकिन टीम केवल 85 रनों पर ढेर हो गई और उसे शर्मनाक हार झेलनी पड़ी।

राजस्थान के तीन खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इनमें यशस्वी जायसवालए अनुज रावत और स्टार ऑलराउंडर क्रिस मोरिस शामिल है। मोरिस को राजस्थान ने इस साल नीलामी में 16ण्25 करोड़ रुपये में खरीदा था। मोरिस आईपीएल इतिहास के

अबतक के सबसे महंगे खिलाड़ी हैंए लेकिन वह आईपीएल 2021 में राजस्थान के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में 11 मैचों में केवल 67 रन ही बनाए और 15 विकेट लिए हैं। इस बीचए भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने मोरिस के के घटिया प्रदर्शन के लिए उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स पर कहाए श् जब राजस्थान ने उन्हें चुना तो उनसे बहुत अधिक उम्मीदें थीं और मुझे पता है कि उन उम्मीदों पर खरा उतरना हमेशा संभव नहीं होता है। वह सिर्फ उस क्रिकेटर की तरह हैंए जिन्होंने हमेशा वादा किया हैए लेकिन अपने पूरे क्रिकेट करियर में शायद ही कभी कुछ दिया हो। यह सिर्फ इस आईपीएल के बारे में नहीं है। जब वह दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलते हैं तो उस समय भी काफी उम्मीदें थींए लेकिन वह उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके।

गावस्कर का मानना है कि मोरिस अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाए हैं इसका प्रमुख कारण टेम्परामेंट की कमी है। उन्होंने कहाए श् हो सकता है कि फिटनेस या स्वभाव के मुद्दे हों क्योंकि अक्सर आपके पास प्रतिभा है लेकिन स्वभाव नहीं है तो और यह आपकी मदद नहीं करता है। आप अजीब खेल में सफल हो सकते हैं लेकिन यदि आप लगातार सफल होना चाहते हैंए तो आपके स्वभाव और प्रतिभा का मेल होना चाहिए।

ईसीबी को लगा झटका, अध्यक्ष इयान वाटमोर ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। इयान वाटमोर ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ;ईसीबीद्ध के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। वाटमोर ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान इस भूमिका ने उन पर व्यक्तिगत प्रभाव डाला है। ईसीबी के मुताबिक स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक उसके वर्तमान उपाध्यक्ष बैरी ओश्ब्रायन अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे। वाटमोर ने एक बयान में कहाए मुझे बेहद खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि मैं ईसीबी का अध्यक्ष पद छोड़ रहा हूं। मैं अपनी भलाई और खेल को ध्यान में रखते हुए ऐसा कर रहा हूं जिससे मैं प्यार करता हूं। मुझे कोरोना महामारी के दौरान इस पद पर नियुक्त किया गया था।

शारदीय नवरात्रि पूजन की हर तरफ धूम

अखंड भारत संदेश

भदोही। शारदीय नवरात्रि का शुक्रवार दूसरा दिन रहा। देवी मंदिरो में आस्थावानों ने पूजन अर्चन किया। कोविड गाइड लाइन व शासन के दिशा निर्देशो के दृष्टिगत इस बार भक्तों ने घरो व बरामदे सहित विभिनन्‍ मंदिरो में देवी प्रतिमा स्थापित कर पूजा कर रहे है। अधिकांश अपने अपने घरो व प्रतिष्ठानों में देवी माँ की पूजन अर्चन कर रहे है। सौंदर्य व चर्म रोग विशेषज्ञ डा. सौम्या जायसवाल ने बताया कि कोविड के संभावित तीसरी लहर को देखते हुए चिकित्सालय में ही देवा माँ की पूजन अर्चन कर अपने परिवार सहित देश वासियों के सुख समृद्धि की कामना कर रही हूं। उन्होंने बताया की मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा से घरो में सुख समृद्धि के साथ व्यापार में भी तरक्की की राह प्रशस्त होती है। नवरात्रि हर दिन मां के एक रूप से जुड़ा हुआ है। नवरात्रि के पहला दिन माता शैलपुत्री का पूजन किया गया है। शुक्रवार नवरात्रि का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में देवी माँ के भक्ति गीतो से माहोल भक्ति मय हो चला है। बाजारा में भी पूजा सामग्री से सुसज्जित दुकाने आकर्षित कर रही है। डा सौम्या जायसवाल ने बताया कि तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा। चौथे दिन कूष्माण्डा मां की आराधना। पांचवा दिन मां स्कंदमाता की पूजा। छठां दिन मां कात्यायनी की पूजा। सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा। आठवां दिन महागौरी की पूजा तथा नवरात्रि के 9वां दिन अर्थात आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। महिला चिकित्सक ने सभी से कोविड गाइड लाइन के मुताबिक शोसल डिस्टेंस का विशेष ख्याल

कार्यवाही के नाम पर सिर्फ प्रतिभूति राशि की गई जब्त

अखंड भारत संदेश

गोपीगंज। विकास खंड औराई के अमवाँ माफी में विगत दिनों सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर जिलाधिकारी के आदेश पर आपूर्ति निरीक्षक द्वारा जांच की गयी, जिसमे बड़े पैमाने पर अनियमियता पाए जाने पर कोटेदार की मिली भगत से सिर्फ कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति की गयी, जिससे गांव के उपभोक्ताओ में आक्रोश व्याप्त है। उपभोक्ताओं का कहना है कि लाखो रुपये हर माह गबन करने वाले पर सिर्फ पांच पांच हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जब्त किया गया।

भव्य रुप से नगर में निकली भगवान श्रीराम की बारात

अखंड भारत संदेश

भदोही। नगर में शुक्रवार की शाम भव्य श्रीराम बारात निकली। जो रेलवे स्टेशन प्रांगण से शुरू होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए मर्यादपट्टी स्थित श्रीराम लीला मैदान पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघन, गुरु वशिष्ठ व राजा दशरथ की आरती उतारी गई। वही श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। श्रीराम बारात में आकर्षक लाइटें, ढोल-ताशा, साउंड, झंडा आदि ने मन मोह लिया। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती रही।

इस दौरान रेलवे स्टेशन प्रांगण में श्रद्धालुओं ने चारों भाइयों को तिलक लगाया और विधि-विधान से आरती की। इसके बाद सभी बाराती नाचते-गाते हुए रामलीला मैदान के लिए चल पड़े। नगर के स्टेशन रोड, लिप्पन तिराहा, कल्लुन शाह तकिया, अजीमुल्लाह चौराहा, भरत चौराहा होते हुए श्रीराम बारात श्रीराम लीला मैदान पहुंची। नगर में जगह-जगह बारात का सत्कार किया गया। राम बारात के रामलीला मैदान में पहुंचने पर चारों भाइयों की विधिवत आरती उतारी गई। यहां महाराजा जनक ने बारात का स्वागत किया। इसके बाद सभी बारातियों को राजा जनक की तरफ से राम कलेवा (स्वागत भोज) कराया गया। वही महिलाओं ने परम्परा के मुताबिक गालियां और मंगल गीत गाई।

महिला अधिकारों पर चर्चा समय की मांग

मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को विधिक परामर्श पर वेबीनार का आयोजन

अखंड भारत संदेश

भदोही। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अंतर्गत महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा महिला सशक्तिकरणरू महिलाओं एवं बालिकाओं को विधिक परामर्श विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। डॉ विनीता यादव परीक्षा नियंत्रक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो डॉ मुरलीधर राम ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा महिलाओं को अलग पहचान दिलाने की दिशा में किए जा कार्य और प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिला विरोधी कार्य करने से रोकने के लिए तथा शोषित होने पर न्याय पाने के लिए महिलाओं को भारत के कानून ने विशेष अधिकार दे रखे हैं जिन्हें जरूरत पड़ने पर अवश्य प्रयोग करना चाहिए। आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही हैं तथा पुरुष के पारंपरिक वर्चस्व को चुनौती दे रही हैं। मुख्य वक्ता डॉ विनीता यादव ने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि अब नारी समाज को मुक्ति की नहीं बल्कि महिला अधिकारों की बात करनी चाहिए। इस परिवर्तन के दौर में महिलाओं को प्रतिदिन चयन और चुनौती का सामना करना पड़ता है। स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। अतः परस्पर सह-अस्तित्व की भावना होनी चाहिए। पूरे विश्व में महिलाओं की स्थिति एक ही तरह की है और कोई भी समाज या देश नारी को शोषित कर के कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने महिलाओं को मानसिक के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी सबल और आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। महिलाओं के केस में न्यायपालिका को संवेदनशील बनने की आवश्यकता पर बल दिया। गर्भावस्था में ही मादा भ्रूण को नष्ट करने के उद्देश्य से लिंग परीक्षण को रोकने हेतु प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994, दहेज निषेध अधिनियम, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता में महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की चर्चा की। महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ श्वेता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव और धन्यवाद और तकनीकी सहयोग डॉ गौतम गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर डॉ यशवीर सिंह, डॉ अनुराग सिंह, डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ भावना सिंह, डॉ रुस्तम अली, श्री बृजेश कुमार, डॉ अवधेश कुमार, डॉ अनीश कुमार मिश्र, डॉ अमित तिवारी, डॉ अंकिता तिवारी, ऋत्विक रंजन सिंह, शिखा तिवारी, आशीष जायसवाल आदि रहे।

आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से रात की नींद हराम

अखंड भारत संदेश

चौरी। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से रात में लोगों की नीद हराम हो गयी है। बताया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों 18 घंटे निर्वाध विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए किंतु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते चौरी फीडर व ममहर फीडर से संचालित होने वाली ग्रामीण क्षेत्रों मे बिजली उपभोक्ताओं को मात्र दस से बारह घंटे हीं मिल पा रही है। वहीं नागरिकों का कहना है कि दिन में विद्युत की कटौती होने के साथ ही सायंकाल के समय सात बजे के पूरी रात तक बिजली नदारद रहती है। जिससे गर्मी के दिनों में रात के समय लोगो का रहना मुश्किल सा हो गया है। नागरिको ने विधुत विभाग के उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधुत व्यवस्था को अविलम्ब सही कराने की मांग की है।

दवा लेकर लौट रही महिला का मंगल सूत्र छीन भाग निकला उचक्का

गोपीगंज। नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बार फिर दवा लेकर लौट रही महिला उचक्का गिरी की शिकार हो गई। गोपीगंज थाना व चौकी के बीच हुई घटना में चौराहे की ओर आ रही महिला के गले से मंगल सूत्र छीन कर बाइक सवार उचक्का प्रयागराज की ओर भाग निकला। स्थानीय लोगों द्वारा उचक्के का पीछा किया गया, लेकिन वह लापता हो गया।

बदलीपुर सुरियावां निवासी अभय शर्मा की पतनी कंचन शर्मा एक रिश्तेदार महिला के साथ गिराई स्थित एक निजी अस्पताल से दवा लेने गई थी। अस्पताल से दवा लेकर वापस रिश्तेदार महिला के साथ सुंदरपुर मायके जाने के लिए चौराहे की ओर पैदल आ रही थी। इस बीच सामने से आया बाइक सवार उचक्का महिला के गले से मंगल सूत्र छीनते हुए भाग निकला। अचानक हुई घटना से महिला अवाक रह गई। आस पास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक उचक्का काफी दूर निकल चुका था। स्थानीय लोगों ने बाइक से उसका पीछा किया, लेकिन कुछ पता नही चला।

कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत महेवा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31–08–2021 से दिनांक 04–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत महेवा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 08–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 08–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	प्रधानमंत्री सड़क से बाबू साहब के फार्म तक खडंजा कार्य	1.49 लाख	2 माह
2.	प्रधानमंत्री सड़क से सुरेन्द्र के घर तक खडंजा कार्य	1.49 लाख	2 माह
3.	प्राथमिक विद्यालय टाइल्स कार्य	1.70 लाख	2 माह
4.	केशव के घर से दरबारी लाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण	2.00 लाख	2 माह
5.	रंगरेज के घर से केशव राम के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण	4.00 लाख	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 24.08.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत महेवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत चनैनी करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत चनैनी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 09–10–2021 से दिनांक 16–10–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत चनैनी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 22–10–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 22–10–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	आभा का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
2.	विमला का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
3.	सतरा का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
4.	श्यामकली का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह
5.	गंगोत्री का (पशु शेड निर्माण कार्य)	1.16 लाख	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 08.10.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चनैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

'2022 तक कांग्रेस मर जाएगी, मुझे सीएम बनाया होता तो...' मौन व्रत से पहले ये क्या बोल गए नवजोत सिंह सिद्धू, वीडियो वायरल

चंडीगढ़ (एजेंसी)। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले एक ओर कांग्रेस जहां तेजी से रन जुटाने की कोशिश कर रही है तो नवजोत सिंह सिद्धू की गुगली से पार्टी हिट विकेट होती दिख रही है। पहले लड़-झगड़कर पंजाब कांग्रेस के कैप्टन बने और फिर अचानक इस्तीफा देकर पार्टी को मझधार में डालने वाले सिद्धू ने यह कह डाला है कि कांग्रेस 2022 तक मर जाएगी। लखीमपुर खीरी में पत्रकार रमन कश्यप के घर मौन व्रत पर बैठे सिद्धू का एक वीडियो सोशल

मीडिया पर वायरल हो रहा है। लखीमपुर के लिए मार्च पर निकलते हुए सिद्धू ने चरणजीत सिंह की बजाय खुद को सीएम बनाए जाने पर सफलता दिखाने की बात कही। इस दौरान वह अपशब्द का भी इस्तेमाल करते हैं। अभी तक इस्तीफा वापस नहीं लेने वाले सिद्धू लखीमपुर हिंसा के विरोध में गुरुवार को पंजाब कांग्रेस का जुलूस लेकर मोहाली से लखीमपुर खीरी के लिए निकले। वायरल वीडियो इसी यात्रा की शुरुआत के वक्त का बताया जा रहा था, जब उन्हें मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चननी का इंतजार करना पड़ा। सिद्धू इस दौरान निराश दिखाई दिए और अपने साथियों से बातचीत में जो कुछ उन्होंने कहा वह मीडिया के कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।वीडियो में पंजाब कैबिनेट के मंत्री प्रकट सिंह उन्हें यह कहकर संतोष देते हुए दिखते हैं कि चननी जल्द ही पहुंचने वाले हैं। पंजाब के वर्किंग प्रेजिडेंट सुखविंदर सिंह डैनी कहते हैं कि मार्च सफल रहेगा। इस सिद्धू कहते हैं, ''सफलता कहां है? यदि भगवंत सिद्ध (नवजोत सिंह सिद्धू के पिता) के बेटे को नेतृत्व दिया गया होता, तब आप देखते.... 2022 तक कांग्रेस मर जाएगी। इस दौरान वह अपशब्द का भी इस्तेमाल करते हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर कांग्रेस पार्टी या खुद नवजोत सिंह सिद्धू की ओर से अभी कुछ नहीं कहा गया है। हालांकि विपक्ष हमलावर हो गया है। अकाली दल के नेताओं ने सिद्धू के बयान की निंदा करते हुए कहा कि वह दलित समुदाय के मुख्यमंत्री का सम्मान नहीं करते हैं। अकाली दल के नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा, ''जो व्यक्ति लोगों के कल्याण से ऊपर अपनी आकांक्षाओं को रखता है, राज्य को कोई दिशा नहीं दे सकता है। वे एक्सपोज हो गए हैं।

लखीमपुर हिंसाः पूर्व केंद्रीय मंत्री की मांग, टेनी की बर्खास्तगी और आशीष की गिरफ्तारी जरूरी

लखनऊ (एजेंसी)। शिरोमणि अकाली दल की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने शुक्रवार को मांग की कि 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को उनके पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए। कौर ने कहा कि इस घटना में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। लखीमपुर खीरी यात्रा से पहले प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ पहुंची बादल ने कहा, 'हम मांग करते हैं कि आशीष मिश्रा को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त किया जाए. उन्होंने आगे कहा, ठअपनी जान गंवाने वाले मासूमों के परिवारों को सरकारी नौकरी सहित उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। हरसिमरत कौर ने तीन कृषि कानूनों को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा, ठसरकार किसानों की नहीं सुन रही है और अब किसानों को मारा जा रहा है। हम किसानों के साथ खड़े है । संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) समेत कई किसान संगठनों ने इस घटना के संबंध में एक बयान जारी कर चार किसानों की मौत का दावा किया और आरोप लगाया कि चार किसानों में से एक की केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि, आशीष मिश्रा ने एसकेएम के आरोपों का खंडन किया और कहा कि वह उस जगह पर मौजूद नहीं थे जहां घटना हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामले में राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। साथ ही गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

अखिलेश यादव का तंजः अब इस सरकार के सिर्फ 100 दिन बचे, सब पुलिस वाले बदल जाएंगे

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख?यमंत्री अखिलेश यादव ने लखीमपुर हिंसा में मारे गए बहराइच के दो किसानों के घर शुक्रवार को जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना प्रकट की। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि लोकतंत्र का गला घोंटकर सच को छिपाने वाली इस सरकार के अब सिर्फ 100 दिन बचे हैं। बहराइच के ही मटेरा के मोहरनिया में मृतक किसान गुरविंदर सिंह के परिजनों को सांत्वना देने के बादि सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश सरकार के सिर्फ 100 दिन बचे हैं, चार जनवरी की तारीख याद कर लीजिए, ये जो पुलिस वाले दिखलाई पड़ रहे हैं ये सब बदल जाएंगे। गौरतलब है कि 4 जनवरी 2017 को उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों की तारीखें चुनाव आयोग ने घोषित कर दी थीं। उसी दिन से नई सरकार के गठन तक प्रदेश में चुनावी आचार संहिता लागू हो गयी थी।

बहराइच रवाना होने से पहले यादव ने लखनऊ में पत्रकारों से कहा कि गृह राज्य मंत्री के बेटे को पूछताछ के लिए समन भेजना औपचारिकता है और निष्पक्ष जांच के लिए मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। यादव ने लखीमपुर हिंसा में मारे गए दो किसानों के परिवारों से मिलने के लिए बहराइच रवाना होने से पहले शुक्रवार को अपने आवास के बाहर पत्रकारों से कहा, गृह राज?य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को समन भेजना एक औपचारिकता है। उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद सरकार जागी है। मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा उनसे पूछताछ करने वाले अधिकारी को पहले उन्हें सलाम मारना होगा और फिर सवाल पूछना होगा और जाने से पहले उन्हें फिर से सलाम करना होगा। अखिलेश ने मृतक दलजीत सिंह के परिजनों से नानपारा क्षेत्र के बंजारन टांडा गांव स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान विपक्ष को पीड़ित परिवारों से मिलने से रोके जाने के सवाल पर कहा, यह सरकार वास्तविकता को छिपाना चाहती है और पुलिस के दम पर सरकार चलाना चाहती है।

उन्होने कहा, मानवाधिकार की सबसे ज्यादा नोटिस उत्तर प्रदेश सरकार को मिली हैं और हिरासत में मौत के सबसे ज्यादा मामले भी उत्तर प्रदेश में ही सामने आए हैं।

एक्सप्रेस-वे पर 140 की स्पीड से दौड़ेंगे वाहन, गडकरी बोले- संसद में जल्द लाएंगे बिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि वह एक्सप्रेस-वे पर अधिकतम गति सीमा बढ़ाकर 140 किलोमीटर प्रति घंटा करने के पक्ष में हैं और इस संबंध में जल्द ही संसद में एक विधेयक पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक का मकसद अलग-अलग कैटिगरी की सड़कों पर वाहनों की गति सीमा में बदलाव करना है।

गडकरी ने कहा कि गति को लेकर ऐसी सोच है कि अगर कार की गति बढ़ गई, तो दुर्घटना हो जाएगी। उन्होंने 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2021' में कहा, ''मेरा निजी विचार है कि एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की गति सीमा बढ़ाकर 140 किमी प्रति घंटा कर देना चाहिए।'' गडकरी ने कहा कि चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर गति सीमा कम से कम 100 किमी प्रति घंटा होनी चाहिए, वहीं दो लेन की सड़कों और शहरी सड़कों के लिए गति सीमा क्रमशः 80 किमी प्रति घंटा और 75 किमी प्रति घंटा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत में वाहनों की गति सीमा का मानक तय करना एक बड़ी चुनौती है। मंत्री ने कहा, ''कार की गति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कुछ फैसले हैं, जिसके चलते हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं।'' गडकरी ने कहा कि आज देश में ऐसे एक्सप्रेस-वे बन गए हैं कि उन सड़कों पर कुत्ता भी नहीं आ सकता, क्योंकि सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''विभिनन्‍ श्रेणियों की सड़कों के लिए वाहनों की अधिकतम गति सीमा को संशोधित करने के लिए एक फाइल तैयार की गई है।'' मंत्री ने कहा, ''लोकतंत्र में हमें कानून बनाने का अधिकार है और न्यायाधीशों को कानून की व्याख्या करने का अधिकार है। भारतीय सड़कों पर वाहनों की गति सीमा को संशोधित करने के लिए जल्द ही एक विधेयक संसद में पेश किया जाएगा।

अभी जेल में ही रहेंगे आर्यन खान, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान (ि्ंह र्ख्ंह) की जमानत याचिका खारिज हो गई है। आर्यन के साथ ही साथ अरबाज और मुनमुन की जमानत याचिका भी खारिज हुई है। ज़मानत याचिका खारिज़ होने के बाद आर्यन खान सहित अन्य आरोपियों को ऑर्थर रोड जेल में रहना होगा। याद दिला दें कि ये पूरा मामला क्रूज शिप पर ड्रग्स पार्टी करने से जुड़ा है। एनसीबी ने कथित रूप से कोकीन, मेफेड्रोन, चरस, हाइड्रोपोनिक और एमडीएमए जैसी कई ड्रग्स और 1.33 लाख रुपए नगद जब्त किए हैं। मुंबई की एस्प्लेनेड अदालत ने मुंबई तट पर एक क्रूज पर ड्रग्स से संबंधित मामले में आर्यन खान, अरबाज और मुनमुन धमेचा की ज़मानत याचिका खारिज़ कर दी है। ज़मानत याचिका खारिज़ होने के बाद आर्यन खान और अन्य आरोपियों को आज रात ऑर्थर रोड जेल में रहना होगा।

एएसजी सिंह ने अपनी दलील रखते हुए कहा कि इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि लोग कितनी आसानी से बातों में आ जाते हैं और क्या इससे सबूतों के साथ छेड़छाड़ हो सकती है? अनिल ने आगे कहा कि ये कोई आइसोलेटिड केस नहीं है, ऐसे में बेल की वजह से केस की जांच पर असर पड़ सकता है।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025

कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 09–10–2021 से दिनांक 15–10–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–10–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–10–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	पू.मा.वि. डीहा में सी. डब्लू. एस. एन. शौचायलय का निर्माण कार्य	16210 0	3 माह
2.	प्राथमिक विद्यालय बगरहा में सी. डब्लू. एस. एन. शौचायलय का निर्माण कार्य	16210 0	3 माह
3.	प्रा. वि. डीहा प्रथम परिसर की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य (प्रथम भाग)	39280 0	3 माह
4.	प्रा. वि. डीहा प्रथम परिसर की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य (द्वितीय भाग)	35560 0	3 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 08.10.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत महेवा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30–08–2021 से दिनांक 07–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत महेवा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक10–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	कृष्णा देवी (पशु शेड कार्य)	1.18 लाख	2 माह
2.	भोलई (पशु शेड कार्य)	1.18 लाख	2 माह
3.	सोनम (पशु शेड कार्य)	1.30 लाख	2 माह
4.	दिनेश कुमार के घर से घाट तक भूमिगत पाइप लाइन कार्य	1.50 लाख	2 माह
5.	फूलवाली के घर से रामराज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	1.50 लाख	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 25.08.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत महेवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05–09–2021 से दिनांक 10–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	शीला का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
2.	प्रतिमा का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
3.	मानिक चन्द्र का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
4.	राधा का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 04.09.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05–09–2021 से दिनांक 10–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15–09–2021 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	पप्पी यादव का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
2.	श्रीकान्त का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
3.	देवी शंकर का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह
4.	विदेश्वरी का (पशु शेड निर्माण कार्य)	117249	2 माह

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक 04.09.2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।